आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 186- ● जबलपुर ● शनिवार, 6 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण मास शुक्ल पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

ईडी ने कहा, अर्पिता की जान को खतरा

नई दिल्ली एजेंसी। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला के आरोप में गिरफ्तार पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

शुक्रवार को PMLA कोर्ट में सुनवाई के दौरान ED ने कहा कि अर्पिता मुखर्जी की जान को खतरा है। ऐसे में उन्हें दिए जाने वाला खाना भी पहले चखना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि अर्पिता को खाना देने से पहले उसे चख लें। इसके साथ ही अर्पिता मुखर्जी को जेल के सेल में चार से अधिक साथी कैदियों के साथ न रखने को कहा है। वहीं, जेल सेल के आसपास 24 घंटे गार्ड की मौजूदगी रहेगी। ED ने बताया कि पार्थ चटर्जी को जान के खतरे जैसे कोई इनपुट नहीं मिले हैं। बता दें कि एजेंसी की रिमांड के बाद अब 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 18 अगस्त को होनी है। ED ने पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांगी थी। श्श्ष्ठ के कोर्ट में कहा कि एजेंसी को फिलहाल दोनों आरोपियों से उनके घर से मिली कई चीजों को लेकर पूछताछ करनी है, इससे पहले मामले की जांच के दौरान ईडी ने अर्पिता मुखर्जी की कंपनियों के बैंक खातों से 8 करोड़ रुपये जब्त किए थे।

ED दफ्तर पहुंचीं संजय राउत की पत्नी वर्षा

दोनों को आमने-सामने बैठाकर होगी पूछताछ

मुंबई,एजेंसी। ED की जांच में सामने आया है कि पात्रा चॉल के रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के दौरान संजय राउत की पत्नी की कंपनी च्अवनी इन्फ्रास्ट्रक्चरज् ने 2010-11 में अलीबाग के किहिम बीच पर 8 कॉन्ट्रैक्ट के तहत 10 लैंड पार्सल खरीदे। ये कॉन्ट्रैक्ट स्वप्ना पाटकर और वर्षा राउत के नाम से किए गए थे।शिवसेना सांसद संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत पात्रा चॉल घोटाले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ED) के दफ्तर पहुंची हैं। श्श्ष्ठ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि संजय और वर्षा को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ होगी। संजय राउत सोमवार तक श्श्ष्ठ की कस्टडी में हैं। 4 अगस्त को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) कोर्ट ने राउत की कस्टडी बढ़ाई थी।

उपराष्ट्रपति के लिए वोटिंग जारी...

देश को आज मिलेगा नया उपराष्ट्रपति

BJP के वोट ही धनखड़ को जिताने के लिए काफी

नई दिल्ली,एजेंसी। उपराष्ट्रपति के लिए आज वोटिंग शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना वोट डाल दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस सांसद डॉ मनमोहन सिंह ने भी अपना वोट डाला। NDA की ओर से जगदीप धनखड़ और विपक्ष की ओर से मार्गरेट अल्वा उम्मीदवार हैं। इस चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य मतदान करेंगे। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके बाद तुरंत काउंटिंग होगी। देर शाम तक रिजल्ट आएगा। सदन में दोनों सदनों को मिलाकर कुल 788 सदस्य हैं। आंकड़ों के हिसाब से NDA कैंडिडेट और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ की स्थिति मजबूत दिख रही है। मार्गरेट अल्वा उनको टक्कर दे रहीं हैं।

अकबर रोड पर जश्न की तैयारियां- अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 780 सांसदों का है। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने की बात कही है। TMC के 36 सांसद हैं। इस तरह 744 सांसद वोटिंग में हिस्सा लेंगे। अगर यह सभी सांसद वोटिंग में हिस्सा लेते हैं तो बहुमत का आंकड़ा 372 रहेगा।

BJP के सांसदों से ही जीतते दिख रहे धनखड़- BJP के अपने 394 सांसद हैं, यह संख्या बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। इस तरह से देखा जाए तो BJP अकेले ही जगदीप धनखड़ को जितवा सकती है। उधर, बात NDA की करें तो 441 सांसद हैं, 5 मनोनीत का भी साथ मिला हुआ है। इस तरह से धनखड़ के पक्ष में 446 वोट हो जाते हैं। इन सभी वोटों से NDA जीत के अंतर बढ़ाना चाहेगी। NDA के सांसदों से जगदीप धनखड़ को तो बढ़त मिलती दिख ही रही है। इसके अलावा, BJD, YSRC, BSP, TDP, अकाली दल और शिंदे गुट का भी समर्थन हासिल है। इनके 81 सांसद हैं।

नायडू को पीछे छोड़ सकते हैं - आंकड़ों के हिसाब से जगदीप धनखड़ को बहुमत के आंकड़े 372 से काफी ज्यादा वोट मिलते दिख रहे हैं। यह आंकड़ा करीब 70 प्रतिशत के करीब रह सकता है। पिछले उपराष्ट्रपति चुनाव में एम वेंकैया नायडू को करीब 68 प्रतिशत वोट मिले थे।

कोविड से सामान्य स्थिति होने पर ही होंगे छात्र संघ चुनाव

भोपाल,यशभारत। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब मध्यप्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग उठने लगी पर सरकार इस साल भी सरकारी कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कराने के मूड में नहीं है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि कोरोना का अभी तीसरा दौर चल रहा है। कोविड की स्थिति सामान्य होने के बाद ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से इस बारे में बात कर कोई फैसला लिया जाएगा। डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को उज्जैन में यह बात कही। उच्च शिक्षा मंत्री का कहना है कि कोरोना का अभी तीसरा दौर चल रहा है। वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जैसे ही, कोविड से सामान्य स्थिति होगी। छात्र संघ चुनाव कराएंगे। चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होंगे या अप्रत्यक्ष प्रणाली, इसका फैसला छात्र संगठनों के नेताओं से राय लेकर को-ऑर्डिनेशन कमेटी और राज्यपाल की सहमति से होगा।उल्लेखनीय है

कि प्रदेश में प्रत्यक्ष प्रणाली से आखिरी बार 2003 में छात्र संघ चुनाव हुए थे। तब से अब तक लगातार छात्र संगठनों के नेता प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराए जाने की मांग कर रहे हैं। सरकार 19 साल से इस मांग को लगातार खारिज कर रही है। कॉलेजों में राज्य सरकार ने 5 साल पहले 2017 में अप्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराए थे। हालांकि, छात्र संगठनों ने राज्य सरकार से चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की मांग की थी। इसे खारिज कर दिया गया था।प्रदेश में सरकारी 8 यूनिवर्सिटी हैं। 1327 प्राइवेट और सरकारी कॉलेज हैं। क्लासेस शुरू हुए 1 महीना बीत गया है। पड़ोसी राज्य राजस्थान में सरकार ने छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की घोषणा कर दी है।ABVP के प्रांत संगठन मंत्री प्रवीण शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री और दूसरे नेताओं को लेटर लिखकर प्रदेश में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की है।प्रवीण शर्मा ने बताया कि कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होने चाहिए। संगठन की ओर से राज्य सरकार को पिछले दिनों ज्ञापन भी दिया गया था, लेकिन सरकार ने प्रत्यक्ष प्रणाली से स्टूडेंट यूनियन इलेक्शन कराने के बारे में रुख स्पष्ट नहीं किया है। 2017 में भी छात्र संघ चुनाव संगठन की मांग पर कराए थे, तब भी ABVP ने प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने स्टूडेंट यूनियन इलेक्शन अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए थे।

छोटे रिपोर्टर ने खोली थी स्कूल की पोल

झारखंड के शिक्षा मंत्री ने दिया मदद का आश्वासन

गोड्डा,एजेंसी। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार की रात प्राथमिक विद्यालय भिखियाचक की पोल खोलने वाले छात्र से बात की। इस दौरान उन्होंने छात्र की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने छात्र से करीब तीन मिनट तक बात कर शिक्षा व्यवस्था, स्कूल की हालत समेत परिवार के बारे में जानकारी ली। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने बीती रात छात्र सरफराज से मोबाइल पर बात की। साथ ही हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने छात्र से कहा कि आपको किसने धमकी दी है। छात्र ने स्कूल के शिक्षक तमीजुद्दीन पर धमकी देने का आरोप लगाया, जिसपर मंत्री ने पूछा कि उसे सस्पेंड कर दें, तो छात्र ने कहा कि सर जो आपकी मर्जी। शिक्षा मंत्री ने छात्र से बेहतर पढ़ाई और परिवार के बारे में भी जानकारी ली।

विचाराधीन कैदियों की रिहाई सही मायने में आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न

नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, वर्षों से जेल में बंद कैदियों की रिहाई ही भारत की आजादी के 75वें वर्ष (अमृत महोत्सव) का जश्न मनाने का एक सही तरीका होगा। केंद्र सरकार को जल्द ऐसी कोई योजना तैयार करनी चाहिए जिससे विचाराधीन व छोटे अपराधों में शामिल कैदियों की रिहाई हो सके।जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एमएम सुंदरेश की पीठ ने कहा, अगर न्यायपालिका 10 साल के भीतर मामलों का फैसला नहीं कर सकती है तो कैदियों को आदर्श रूप से जमानत पर छोड़ दिया जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को 10 साल बाद अंतत:बरी कर दिया जाता है तो उसे अपने जीवन के साल वापस नहीं मिल

सकते हैं। जस्टिस कौल ने केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज से कहा, सरकार आजादी के 75 साल को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मना रही है। ऐसे विचाराधीन व वे कैदी जो अपनी सजा का एक बड़ा हिस्सा जेल में काट चुके हैं, उन्हें रिहा करने का उपाय करना सही मायने में उत्सव का उपयोग है। आइडिया यह है कि जेलों और ट्रायल कोर्ट का बोझ कम हो। इसके लिए केंद्र को राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से बातचीत कर नीति विकसित करनी चाहिए। जिससे कुछ श्रेणियों के विचाराधीन कैदियों व दोषियों को एक निश्चित अवधि के बाद रिहा किया जा सके।

ऐसा बिलकुल नहीं कि अपराध करने वाले को सजा नहीं होनी चाहिए

पीठ ने कहा, हम यह नहीं कह रहे हैं कि जिसने अपराध किया है उसे कैद नहीं होना चाहिए। लेकिन लंबे समय तक ट्रायल चलना और किसी को दोषसिद्धि के बिना लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखना समाधान नहीं हो सकता है। साथ ही, पहली बार छोटे अपराधों के दोषियों को अच्छे व्यवहार के बांड पर रिहा किया जा सकता है। इसी तरह, संभावित सजा का एक तिहाई या इससे अधिक की अवधि से जेल में गुजारने के बाद विचाराधीन कैदियों को भी जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। जवाब में एएसजी नटराज ने कहा, पीठ के सुझाव को मौजूदा कानूनी ढांचे के तहत परीक्षण करना होगा।

नए खुलासे के बाद सोनिया-राहुल से फिर होंगे सवाल

सुप्रीम झटके के बावजूद शेल कंपनियों से छ्रुको जाता रहा पैसा

नई दिल्ली,एजेंसी। नैशनल हेराल्ड केस में कथित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के खिलाफ कांग्रेस लामबंद है। उधर, प्रवर्तन निदेशालय फिर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की तैयारी कर रहा है। ईडी को कुछ सुराग मिले हैं जो इशारा करते हैं कि शेल कंपनियों के जरिए 2019 में यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड में पैसा जाता रहा। फरवरी 2016 में नैशनल हेराल्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गांधियों व अन्य के खिलाफ ट्रायल रोकने की याचिका खारिज कर दी थी। सूत्रों के अनुसार, सुराग इस ओर इशारा करते हैं कि SC के फैसले के काफी बाद में यंग इंडियन और AJL में शेल कंपनियों से पैसा लगता रहा। ईडी ने हालिया छापेमारी में मिले दस्तावेजों से 2018-19 तक चली कथित हेराफेरी का पता लगाया है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ऑफिसर्स को लगा था कि सुप्रीम कोर्ट से झटके के बाद कथित संदिग्ध लेन-देन बंद कर दिए गए होंगे। यह फंडिंग उस 1 करोड़ रुपये से अलग है जो यंग इंडियन को कोलकाता की शेल कंपनी डॉटेक्स मर्चेंडाइज से मिले। YI में सोनिया और राहुल की 76प्रतिशत हिस्सेदारी है। YI ने डॉटेक्स से मिली रकम में से 50 लाख रुपये का इस्तेमाल कांग्रेस से AJL को खरीदने में किया।

नैशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच की नई कड़ी

सूत्रों ने कहा कि अगर शेल कंपनियों और विदेशी फंड्स अरेंज करने में उनकी भूमिका की जांच आगे बढ़ती है तो सोनिया, राहुल और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य से फिर पूछताछ की जरूरत पड़ सकती है। खड़गे यंग इंडियन के सीईओ हैं। ईडी ने पिछले कुछ दिनों में केस से जुड़ी आधा दर्जन से ज्यादा जगहों पर छापे मारे। दिल्ली स्थित हेराल्ड हाउस के चौथे फ्लोर जहां यंग इंडियन का ऑफिस है, वहां भी। जहां रेड्स हुई, उनमें शेल कपंनियों के प्रमोटर्स भी शामिल थे जिन्होंने कथित रूप से उन लोगों को एंट्रीज दिलवाई जो अवैध रुपयों को वैध निवेश में बदलवाना चाहते थे।

शहडोल में शिकारियों ने बिछाई वायर करंट से तेंदुएं की मौत, दो गिरफ्तार

शहडोल यशभारत। शहडोल जिले में शिकारियों ने जंगली जानवर का शिकार करने के लिए करंट वाली वायर बिछाई थी। इसकी चपेट में आने से एक तेंदुएं की मौत हो गई। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शहडोल के वन मंडल अधिकारी (उत्तर) गौरव चौधरी ने बताया कि पूर्ण वयस्क तेंदुएं की लाश ब्योहारी रेंज के खारपा बीट में झाड़ियों में बरामद हुई है। अलर्ट करने पर संजय टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वॉड को सुराग हासिल करने के लिए तैनात किया गया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि शिकारियों ने किसी अन्य जानवर को पकड़ने के लिए वायर बिछाई थी। उसकी चपेट में तेंदुआ आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। शिकारियों ने इसके बाद तेंदुएं की लाश को झाड़ियों में ठिकाने लगाया और फरार हो गए। चौधरी ने कहा कि इस मामले में हमने दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। तेंदुआ करीब सात साल का है। ऐसा लग रहा है कि उसकी मौत दो-तीन दिन पहले हुई है। मध्यप्रदेश में देशभर में सबसे ज्यादा तेंदुएं हैं। 2018 में तेंदुओं की गणना की गई थी। इसके हिसाब से मध्यप्रदेश में 3,421 तेंदुएं हैं। दूसरे नंबर पर कर्नाटक है, जहां सिर्फ 1,783 तेंदुएं हैं। पिछले कुछ समय से मध्यप्रदेश में तेंदुओं की मौत चिंता का कारण बना हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2021 तक पांच साल में 255 तेंदुओं की मौत हुई थी। यानी हर साल तकरीबन 51 तेंदुएं अकेले मध्यप्रदेश में मारे गए हैं। पिछले साल अगस्त तक 56 से अधिक तेंदुओं की मौत हुई थी। इस साल भी करीब इतने ही तेंदुएं मारे जा चुके हैं।

वैशाली में जहरीली शराब से 3 की संदिग्ध मौत

हाजीपुर,एजेंसी। बिहार में जहरीली शराब का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। वैशाली जिले से तीन लोगों की संदिग्ध हालत में मौत होने की खबर आ रही है। जिले के सहदेई में किसान सलाहकार समेत दो लोगों जान चली गई। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। वहीं, महुआ में भी एक अन्य शख्स की मौत की खबर है। इसका कारण जहरीली शराब बताया जा रहा है। इनके साथ शराब पार्टी करने वाले एक अन्य शख्स की भी तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत खतरे से बाहर है। बता दें कि छपरा में भी पिछले दिनों शराब पीने के बाद अब तक 13 लोगों की जान जा चुकी है और अन्य कई लोगों की आंखों की रोशनी चली गई। जानकारी के मुताबिक महुआ थाने के भदवास निवासी विकास चौधरी की शुक्रवार देर रात करीब एक बजे मौत हो गई।

पत्नी का सिर लेकर पहुंचा ससुराल

टेबल पर रखा था मासूम का कटा सिर, दोनों की हत्या के बाद सेल्फी ली

मधेपुरा,एजेंसी। बिहार के मधेपुरा में एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी की सिर काटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, पत्नी का कटा सिर लेकर आरोपी अपने ससुराल पहुंचा और घर से 200 मीटर की दूरी पर एक पुलिया पर रखकर फरार हो गया। कटे सिर के नीचे एक पर्ची भी रखी थी। मधेपुरा में आरोपी के घर में पत्नी और बेटी का धड़ पड़ा था, जबकि बेटी का कटा सिर टेबल पर रखा हुआ था। बताया जाता है कि पत्नी के अवैध संबंध के शक में आरोपी पति ने वारदात को अंजाम दिया है। हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के धड़ के साथ सेल्फी भी ली थी। शनिवार सुबह आरोपी पति महिला का कटा हुआ सिर अपने घर (श्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पोखरिया गांव) से लेकर उसके मायके (सदर थाना क्षेत्र के गोढाईला गांव) पहुंचा। महिला के मायके से 200 मीटर पहले एक पुलिया पर कटे सिर को रख फरार हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सिर देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का कटा हुआ सिर लेकर उसके ससुराल पहुंची तो दंग रह गए। वहां बेटी की भी लाश मिली। पत्नी और बेटी की हत्या के बाद पति ट्रेन पकड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान मो. जिब्राहिल की पत्नी रुकसाना (30) और उसकी बेटी जिया (4) के रूप में हुई। घटनास्थल से खून से सना एक लेटर मिला है। उसमें कुछ आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसके साथ लिखा है शानदर, जबरदस्त। मायके वालों का कहना है कि जिब्राहिल और रुकसाना की शादी 12 साल पहले हुई थी। शादी के बाद 3 बच्चे भी हुए। दो बेटे अपने चाचा के यहां रहकर पढ़ाई करते थे। वहीं मासूम बेटी घर में रहती थी। शादी के बाद से छोटी-मोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। जिब्राहिल दूसरे राज्य में सिलाई का काम करता था। इसी से घर चलता था। इस बीच वह बीच-बीच में घर आया करता था। पिछले साल वह घर आया तो बाहर नहीं गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिब्राहिल अपनी पत्नी पर अवैध संबंध का शक करता था। इस बात को लेकर अक्सर विवाद करता था। आशंका है कि शुक्रवार रात दोनों के बीच विवाद हुआ होगा।

जदयू ने अपने ही नेता को थमाया नोटिस

अकूत संपत्ति के आरोपों पर मांगा जवाब

पटना एजेंसी। बिहार में सत्तारूढ़ जदयू ने अपनी ही पार्टी के नेता व पूर्व सांसद आरसीपी सिंह को नोटिस जारी किया है। इसमें उनसे संपत्तियों के विवरण में विसंगतियों पर जवाब मांगा गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह को यह नोटिस बिहार जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सिंह और उनके परिवार के नाम पर 2013-2022 से पंजीकृत अचल संपत्तियों के विवरण में विसंगतियां हैं। इसलिए वे जल्द से जल्द इस नोटिस का जवाब दें।बता दें, आरसीपी सिंह और सीएम नीतीश कुमार के बीच लंबे समय से अनबन चल रही है। माना जा रहा है कि केंद्र में मंत्री रहते भाजपा से कथित नजदीकी के चलते उन्हें पार्टी लगातार किनारे कर रही है। आरसीपी सिंह को पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री पद भी छोड़ना पड़ा था, क्योंकि उनका राज्यसभा का कार्यकाल खत्म हो गया था। कुशवाहा द्वारा सिंह को भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि नालंदा जिला जदयू के दो साथियों ने साक्ष्य के साथ शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि अब तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपके एवं आपके परिवार के नाम से वर्ष 2013 से 2022 तक अकूत अचल संपत्ति पंजीकृत कराई गई है। इसमें कई प्रकार की अनियमितताएं नजर आती हैं। आप लंबे समय से जनता के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के साथ अधिकारी व राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे हैं।

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ अन्याय

एफआईएच ने माफी मांगी, पूरी घटना की होगी समीक्षा

बर्मिंघम ,एजेंसी। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में महिला हॉकी के सेमीफाइनल मैच के दौरान भारतीय टीम के साथ हुई बेईमानी पर एफआईएच ने माफी मांगी है। इस मैच में पेनल्टी शूटआउट के दौरान रेफरी की गलती के चलते ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहला गोल करने के लिए दो मौके मिले थे। इस वजह से भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद इस मामले पर जमकर बवाल हुआ और अब एफआईएच ने पूरे मामले पर माफी मांगी है और इस घटना की समीक्षा करने की बात कही है। पेनल्टी शूटआउट के दौरान अपना पहला प्रयास चूकने वाली ऑस्ट्रेलिया की रोजी मेलोन को एक और मौका दिया गया, क्योंकि स्कोरबोर्ड पर आठ सेकंड की उलटी गिनती शुरू नहीं हुई थी। मेलोन दूसरा मौका मिलने पर नहीं चूकीं और उन्होंने अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसका नतीजा यह हुआ कि भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल टूट गया और भारतीय टीम पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हार गई। नियमित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं। दर्शकों ने भी तकनीकी अधिकारियों के फैसले पर गुस्सा जताया था। मैदान पर भारतीय टीम की कोच शोपमैन और बाकी खिलाड़ी रेफरी से बहस भी करती हुई दिखती हैं कि इसमें टीम इंडिया की क्या गलती है। हालांकि, रेफरी ने भारतीयों की बात नहीं सुनी और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को दूसरा मौका दिया गया।

क्या बोला एफआईएच

एफआईएच ने बयान में कहा, ''बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऑस्ट्रेलिया और भारत की महिला टीमों के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के दौरान शूटआउट गलती से बहुत जल्दी शुरू हो गया था (तब घड़ी संचालित होने के लिए तैयार नहीं थी) जिसके लिए हम माफी मांगते हैं।''
बयान में आगे कहा गया है, ''इस तरह की परिस्थिति में दोबारा पेनल्टी शूटआउट लेने की प्रक्रिया है और ऐसा किया भी गया। एफआईएच इस घटना की पूरी जांच करेगा ताकि भविष्य में इस तरह के मसलों से बचा जा सके।''

मैच के बाद रोने लगीं कप्तान सविता

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हारने के बाद भारतीय खिलाड़ी रो पड़ीं। कप्तान सविता पूनिया से मैच के बाद जब सवाल पूछे गए तो उनकी आंखों में आंसू थे। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह खेल का हिस्सा है और हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। इसे मैनेजमेंट को देखना है। वहीं, भारतीय टीम की कोच शोपमैन ने साफतौर पर आयोजकों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए। उस एक घटना से मनोबल टूटा और हम हार गए। आगे हमें कांस्य के लिए मैच खेलना है और भारतीय खिलाड़ियों में फिर से हिम्मत जगानी होगी, जिनका मनोबल टूट चुका है।

कोच ने की फैसले की आलोचना

कोच शोपमैन ने मैच के बाद कहा- मैं इसे एक बहाने के रूप में उपयोग नहीं कर रही हूं, लेकिन आप जानते हैं कि जब आपका गोलकीपर एक बचाव करता है तो इससे टीम का मनोबल बढ़ता है। आप निर्णय को उलट देते हैं। टीम वास्तव में परेशान है इसको लेकर। मुझे यकीन है कि उसके बाद टीम का ध्यान थोड़ा हट गया था और यह कोई बहाना नहीं है, बस एक साधारण तथ्य है।शोपमैन ने कहा- इसने हमारी गति को प्रभावित किया। रीटेक में गोल हुआ और सबकुछ तितर-बितर हो गया। लोगों को लगता है कि इससे खेल पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन उसका असर पड़ता है। इस खेल के साथ हमारा इमोशन भी जुड़ा हुआ है। मैं इसलिए भी गुस्से में हूं क्योंकि अंपायर भी इसे नहीं समझते हैं। ऑस्ट्रेलियाई शिकायत नहीं कर रहे थे, क्योंकि वे जानते थे कि उन्होंने गोल मिस किया है। उन्हें आसानी से गोल करने का कुछ वक्त और मिल गया। वह इसे क्यों छोड़ते ?

आयुषमान फर्जीवाड़ा को लेकर विरोध प्रदर्शन

कर्मचारियों को देखकर भागी डीन

जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज में आज शुक्रवार को अजीब नजारा देखने को मिला। दरअसल मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के बैनरतले सैंकड़ों कर्मचारी मेडिकल डीन डॉक्टर गीता गुईन से मिलने पहुंचे थे, कर्मचारियों को आता देख डीन अपने कायाज्लय से बाहर निकली और गाड़ी में बैठकर कर्मचारियों से कहा कि अब छपवा लो पेपर में और खबरें।

गाड़ी में बैठकर बोली अब छपवा लो पेपर में और खबरें

डीन के इस बर्ताव पर कर्मचारियों ने डीन कार्यालय के समय धरना देते हुए डीन को हटाने की मांग रखी। मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के वीरेंद्र तिवारी, अजय दुबे ने बताया कि आयुष्मान योजना में बड़े स्तर से भ्रष्टाचार किया गया है। डॉक्टरों को मनमाने तरीके से योजना की राशि बांट दी गई जबकि अन्य कर्मचारियों को नियमों का हवाला देकर आज तक राशि का वितरण नहीं किया गया। आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार किया गया है इसलिए डीन कर्मचारियों से सामना नहीं करना चाहती है।

सीएलसी के चौथे चरण में एक लाख प्रवेश, आज से फिर पंजीयन शुरू

जबलपुर,यशभारत। सरकारी और निजी कालेजों में प्रवेश को लेकर शुक्रवार को कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) का चौथा चरण खत्म हो गया। स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एक लाख विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। निजी कालेजों में 30 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं। इसके चलते उच्च शिक्षा विभाग ने शुक्रवार शाम छह बजे सीएलसी के पांचवें चरण की घोषणा कर दी। पोर्टल पर काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया है। शनिवार से पंजीयन के लिए लिंक खोली गई है। विद्यार्थियों को एक बार फिर अपने पसंदीदा कालेज व पाठ्यक्रम में दाखिले पाने का मौका मिल गया है। 12वीं सीबीएसई का रिजल्ट नहीं आने और सीयूईटी के चलते आनलाइन काउंसलिंग व तीन चरणों की सीएलसी के बाद भी यूजी-पीजी की 50 फीसद सीटें भर नहीं पाई। इसे देखते हुए विभाग ने 20 जुलाई से 5 अगस्त तक चौथा चरण रखा। प्रदेशभर में एक लाख सीटों पर विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

ओएफकेमें सोसायटी लाभांश हेतु पहली बार जंगी आमसभा

इंटक की आपत्ति के खिलाफ सभी यूनियन एसोसिएशन एक जुट करीब सवा करोड़ रुपये लाभांश5हजार अंशधारकों को बांटा जाना है

जबलपुर यशभारत। ओ एफ के को ऑपरेटिव सोसाइटी डेलीगेटों की जगह अंशधारकों की जंगी आम सभा खमरिया के ओलंपिक ग्राउंड में कल 8 अगस्त को होगी जिसमें अंशधारी स्वयं अपना लाभांश तय करेंगे। पहले डेलीगेट की वार्षिक आम सभा जो 4 अगस्त को होनी थी जिसकी सूचना भी 15 दिन पूर्व सभी अंश धारियों को दे दी गई थी। लेकिन इंटक यूनियन के एक डेलीगेट ने कलेक्टर को पत्र लिखकर कानूनी और व्यवहारिक तर्क देकर बैठक रद्द करने की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर सोसायटी प्रशासक ने4 अगस्त की आमसभा स्थगित कर दी थी। इस पर इंटक के मुद्दे के विरोध में पांच हजार अंशधारकों के पक्ष में शेष यूनियनों और एसोसिएशन ने कलेक्टर को पत्र लिखा। जिसके बाद पुन: प्रशासक ने रविवार 7 अगस्त को 11 बजे बैठक बुलाई है। जिसमें सोसायटी डेलीगेट नहीं अपितु सभी 5 हजार अंशधारी हिस्सा लेंगे जो खमरिया के इतिहास में पहली बार हो रहा है। बताया जाता है कि करीब सबा करोड़ रुपए अंशधारकों को अप्रैल माह में लाभांश बंट जाना था। लेकिन कतिपय कारणों से वह टलता रहा। लाभांश देने के लिए विचार हेतु रक्षाबंधन के पूर्व बांटने के लिए विगत 4 अगस्त को बैठक आहूत की गई। लेकिन कतिपय आपत्ति को लेकर बैठक स्थगित हो गई। त्यौहार को ध्यान में रखते हुए लेबर यूनियन कामगार यूनियन एस सी / एस टी यूनियन के साथ सुपरवाइजर एसोसिएशन क्लेरिकल एसोसिएशन सहित अराजपत्रित और राजपत्रित एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रक्षाबंधन त्यौहार पर अंशधारियों को लाभांश न मिल पाने की स्थिति देख संयुक्त पत्र महाप्रबंधक और कलेक्टर को दिया। जिसके बाद महाप्रबंधक ने सभा के लिए ओलंपिक ग्राउण्ड की अनुमति दी । वहीं कलेक्टर के निर्देश पर सोसायटी प्रशासक ने कल रविवार 7 अगस्त को पुन: 11 बजे बैठक बुलाई है। सभी यूनियन एसोसिएशनों का कहना है कि लाभांश के कम ज्यादा का हिसाब बाद में भी हो सकता है। लेकिन अंशधारकों को भर त्यौहार में नियमों की आड़ लेकर लाभांश से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। वैसे भी लाभांश देने में चार महीने का विलंब हो चुका है। जिसकी जिम्मेदार इंटक है। उसी यूनियन के प्रतिनिधि अध्यक्ष थे जो निर्णय लेने में असक्षम रहे और प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा।

यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल में इन्वेस्टर सेरेमनी

जबलपुर,यशभारत। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, गोहलपुर, जबलपुर की इन्वेस्टर सेरेमनी के कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम चरण में, मां सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विजयकांत तिवारी संचालक यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल रहे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया।

इसके पश्चात सभी स्कूल कैबिनेट को बैज प्रदान किये गए। इस अवसर पर शाला नायक सहित सभी हाऊस कैप्टन, क्लास कैप्टन को शाला डायरेक्टर द्वारा शपथ दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में कक्षा एक से 12 तक के छात्र छात्राओं का अनुशासन में कार्यक्रम मे हिस्सा लेना प्रशंसनीय रहा , कार्यक्रम में मंत्र मुग्ध करने वाले क्षण थे , नन्हे मुन्ने बच्चों का मार्च पास्ट स्टाइल। उक्त अवसर पर शाला संचालक डॉ विजयकांत तिवारी ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को प्रेरक संदेश देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन शुभांगी शर्मा, राजेश नापित द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल श्रीवास्तव, राहुल राजपूत, प्राचार्या श्रीमती वर्षा झरिया, श्री मती रश्मि गौतम, शबा खान, मोनिका उपाध्यय, मोनिका पटेल एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

पूर्व सांसद त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर फल वितरण

जबलपुर,यशभारत। सिवनी संसदीय क्षेत्र से पूर्व संसद एवं पूर्व पाटन विधायक तथा मीसाबंदी रहे स्व. पं. रामनरेश त्रिपाठी जी की नवम पुण्यतिथि पर जबलपुर मेडिकल स्थित पं.रामनरेश त्रिपाठी प्रसव (ऑपरेशन) वार्ड क्र. 9 में स्वास्थ लाभ प्राप्त कर रहे रोगियों को फल दूध वितरण किया गया7 कार्यक्रम में उपस्थित थे श्रीकांत परिहार जिला महामंत्री भाजयुमो, संजय दुबे जिला मंत्री, राम गोंटिया वरिष्ठ समाजसेवी, सत्येंद्र तिवारी, रवि पाठक कोषाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ट, देवेंद्र तिवारी, राजशेखर त्रिपाठी जिला महामंत्री भाजयुमो शामिल रहे।

साईकिल से कामाख्या यात्रा

जबलपुर ,यशभारत। माँ आदि शक्ति दरबार कालीमठ के संचालक भाईया जी (गुरु जी) के द्वारा जबलपुर से मैहर, इलाहबाद, प्रयागराज, विन्ध्याचल, बनारस होते हुए मां कामरूप कामाख्या धाम दर्शन के लिए साइकिल यात्रा आज सुबह 4. 00 बजे प्रारंभ हुई इस यात्रा में दरबार के संस्थापक ओम प्रकाश भैया गुरु , श्यामू चौरसिया , राम मिश्रा , अमन पटेल ,रोशन कनौजिया , किशु प्रजापति , नारायण पटेल शामिल हैं।

यह साइकिल यात्रा जनकल्याण एवं हिन्दू सनातन धर्म की रक्षा के हेतु सभी जगह प्रार्थना एवं दर्शन कर मातारानी आशीर्वाद सभी को प्रप्त हो सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना के लिएसाइकिल यात्रा निकले है यह जन कल्याण यात्रा लगभग 1 माह में पूर्ण होगी ।

आचार्य भगवत दुबे गुरु वंदना अलंकरण से सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। साहित्य, संगीत और कलाओं की मानक संस्था मधुवन के तत्वावधान में मानस भवन भोपाल में आयोजित गुरु वंदना महोत्सव में में जबलपुर के राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध साहित्यकार आचार्य भगवत दुबे को उनकी सृजन साधना के लिए सम्मानित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ,अध्यक्षता कर रहे श्री संतोष चौबे,मधुवन के निर्देशक श्री सुरेश तातेड़ ने महाकवि आचार्य जी को ताम्र प्रतिमा,शाल, श्रीफल,अलंकरण से सम्मानित किया ।वक्ताओं ने कहा कि आचार्य जी की 50 से अधिक साहित्यिक कृतियां सृजन जगत का गौरव हैं।आचार्य जी के व्यक्तित्व-कृतित्वऔर सृजन पर देश के विविध विद्यालयों से पांच पीएचडी हो चुकी हैं।आचार्य जी का सृजन संस्कृति का गौरव है।इस अवसर परआचार्य भगवत दुबे का राजेश पाठक प्रवीण ने अभिनंदन किया है।

चालीसा व्रत महोत्सव पर भगवान का सब्जियों से श्रंगार

जबलपुर,यशभारत। चालीसा व्रत महोत्सव एवं हरियाली उत्सव के उपलक्ष्य में झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में भगवान का सब्जियों से श्रंगार किया गया। स्वामी अशोकनंद ने भगवान की भक्ति पर प्रवचन दिए। पूजन के दौरान विधायक अशोक रोहाणी, डा. जितेंद्र जामदार, उधवदास पारवानी, त्रिलोक वासवानी, रमेश आहूजा, राम आहूजा, अनिल रोहरा, प्रकाश आसवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, राजकुमार कंधारी आदि उपस्थित रहे।

मानसून की बेरुखी, सूखा बीत रहा सावन

जबलपुर,यशभारत। वर्षा का सिस्टम कमजोर पड़ने से दिन का अधिकतम तापमान भी करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक उछल गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री से तीन डिग्री बढ़कर 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हालांकि न्यूनतम तापमान में आंशिक गिरावट रही। तापमान 25.0 डिग्री से कुछ कम होकर 24.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। आसमान में बादल तो छा रहे हैं पर बरसने से बच रहे हैं। चार दिन से वर्षा बिल्कुल थम गई है।

नमी, बादल और धूप के कारण वातावरण में छाई उमस लोगों को बेहाल कर रही है। शुक्रवार को सुबह से रात तक वर्षा की एक बूंद नहीं गिरी। दिनभर धूप, बादल के बीच उमसभरी गर्मी लोगों को बेचैन करती रही। हवा का रुख उत्तर पूर्वी जरूर रहा पर चार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली

हवाएं भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रही थीं। हालांकि मौसम विभाग शनिवार को जबलपुर सहित संभाग के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जता रहा है। फिलहाल मानसून की बेरुखी से सीजन में वर्षा का कुल आंक ?ा 23.6 इंच पर थमा हुआ है। सीजन में अब तक कुल 601.9 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष आज के दिन तक 416.3 मिलीमीटर यानी 16.3 इंच वर्षा हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य राजस्थान के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है। मानसून ट्रफ बीकानेर-कोटा से लेकर रायसेन-रायपुर होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है। साथ ही मध्य कर्नाटक और झारखंड के ऊपर भी चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हैं। वहीं उत्तरी आंध्र प्रदेश तट के पास पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण ऊंचाई में दक्षिण-पश्चिमी झुकाव के साथ सक्रिय है। इसके प्रभाव में सात अगस्त को पश्चिमोत्तर बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब क्षेत्र बनने की संभावना बनी हुई है। इसके असर से कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है।

मां का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार

जबलपुर, यशभारत। हितकारिणी महिला महाविद्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह में आयोजित कार्यक्रम में एम एल मेहरा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार माना जाता है बच्चे के जन्म के कम से कम 1 घंटे के अंदर स्तनपान करवाना बच्चे का जन्म सिद्ध अधिकार के रूप में स्थापित होना चाहिए। विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त हितकारिणी महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। एम एल मेहरा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहीं । आज महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव तथा विश्व स्तनपान सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पूजा की थाली प्रतियोगिता, राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में प्रथम तीन स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा भूतपूर्व छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर एम एल मेहरा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार विश्व स्तनपान सप्ताह पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । परियोजना अधिकारी रितेश दुबे में उपस्थित छात्राओं को घर-घर तिरंगा अभियान के महत्व तथा आवश्यकता को समझाया विश्व स्तनपान सप्ताह पर मां का प्रथम दूध बच्चों को पिलाने के लिए सघन प्रचार प्रसार करना चाहिए विश्व में अभी भी केवल 64न्न बच्चे ही 1 घंटे के अंदर स्तनपान कर पाते हैं यह बच्चे के लिए प्रथम टीका होता है कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलेश पांडे की कार्यक्रम का सफल संचालन संजय सिंह राठौर द्वारा किया गया प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉक्टर सुनंदा जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अध्यापक एवं महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती पूजा चौरसिया सविता अग्रवाल उपस्थित रही। आभार प्रदर्शन डॉ सुनीता श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

सामूहिक रूद्राभिषेक कल

जबलपुर, यशभारत। श्री गहोई वैश्य एसोसिएशन जबलपुर द्वारा शाही पैलेस स्टेट बैंक चौराहा विजय नगर में सामूहिक रूद्राभिषेक पूजन हवन भंडारा कार्यक्रम 7 अगस्त को प्रात: साढ़े दस बजे से प्रारंभ होगा। उपस्थिति की अपील आयोजन समिति ने की है।

चौरसिया समाज के द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह कल

जबलपुर,यशभारत। चौरसिया दिवस समारोह 2022 के शुभ अवसर पर 34 वाँ गरिमामय वर्ष पर समाज के लगभग 500 प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत, वरिष्ठ जनों का सम्मान तथा विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का स्वागत, सम्मान रविवार 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक आगा चौक स्थित आशीर्वाद उत्सव में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्य रूप से नव निर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना एवं अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव चौरसिया विक्की विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। समारोह संयोजक राजेश राधेलाल चौरसिया एवं चौरसिया समाज के अध्यक्ष योगेश चौरसिया,नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष अनिकेत चौरसिया ने बताया कि परस्पर सदभाव समाज बोध, एकता तथा शिक्षा के प्रति अभिरुचि जागृत करने हेतु अखिल भारतीय स्तर की उक्त आयोजनों में प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत करने के साथ ही समाज के वरिष्ठ स्वजनों व नि: स्वार्थ विभूतियों को भी प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जावेगा।

विशाल पहलवान ने कला जंग दाव लगाकर कुश्ती जीती

जबलपुर,यशभारत। स्वर्गीय गंगा प्रसाद तिवारी अखाड़ा सदर द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया है। आज अंतिम तीसरे दिन दंगल का शुभारंभ पूर्व केन्ट बेर्ड के उपाध्यक्ष श्री अभिषेक चैकसे, डॉ एस के पाण्डेय, एम एल अग्निहोत्री, मुधर तिवारी, बी के पाठक, अर्जुन यादव इंडियन स्टॉईल कुशती महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संदीप चैकसे, अमर चन्द्र बावरिया पूर्व पार्षद, शिवदत्त चैबे, धर्मेन्द्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, संतोष विनोदिया, सीताराम कुचानिया, रमेश कुमार बिलैया, आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

आज के प्रमुख मुकाबले इस प्रकार रहे

विशाल बुद्दे गौंड उस्ताद और अनिल जी आर सी के बीच कुश्ती के संघर्षपूर्ण मुकाबले में विशाल ने कला जंग दांव लगाकर कुश्ती जीती। इसी प्रकार विवेक बुद्दे गौंड उस्ताद और जय हनुमान अखाड़ा के बीच में कुश्ती हुई जिसमें विवेक पहड़ विजयी रहे। प्रदीप गंगा प्रसाद उस्ताद अखाड़ा, सदर और सन्नी गिरधारी उस्ताद के बीच में जोरदार मुकाबला हुआ, और कुश्ती बराबर रही। इसी प्रकार मयंक युवा भवन और अमन जी आर सी के बीच में पाँच मिनिट लगातार कुश्ती चली जिसमें यह भी कुश्ती बराबर में हुई। दीपक विजयी रहे, संजय शुभम हर्ष , अभिषेक ने भी अपने-अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर कुश्ती में जीत हासिल की। निर्णायक मंडल में नरेश गुप्ता, दीपक रजक, गुरू प्रसाद राय, राकेश रजक, मंतों की प्रमुख भुमिका रही, कार्यक्रम का संचालन सुशील विनोदिया द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन नरेश तिवारी ने किया।

ज्ञान वैराग्य और भक्ति का समन्वय जरूरी

जबलपुर,यशभारत। आदि शंकराचार्य चौक स्थित समन्वय सेवा केंद्र में समन्वय साधना प्रवचन माला में पंडित प्रकाश कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीराम भी कथा सुनने को आतुर रहते हैं। भगवान की कथा रसमय है परमात्मा ज्योति स्वरूप है, वह हम सबके अंदर विराजमान हैं। जो कथा को सुनकर अघाते नहीं है उनका अवश्य कल्याण हो जाएगा, ईश्वर और जीवन में जो भेद है वह मिट जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में साधना शीघ्र अति शीघ्र आरंभ कर देना चाहिए। जैसे-जैसे इंद्रियां बस में होंगी तब हमारा मन भगवान में लग जाएगा। व्यकित को संतों का सत्संग अवश्य करना चाहिए, इससे शीघ्र भगवान में मन लग जाता है। इस अवसर पर डा. कैलाश गुप्ता, डा. हेमंत मोड़, सुधीर बुधरानी, राजेश गोस्वामी, ज्ञान सनोरिया, चन्द्र कुमार भनोत, उमेश पिल्ले, राजेंद्र नेमा, सीके द्विवेदी, कमल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

मधुर गीतों पर झूमकर नाची महिलाएं सखी सावन मेले में पुरस्कारों की बौछार

एकल और एकल और समूह नृत्य में थिरके कदम गुंजन कला महिला प्रकोष्ठ का सखी सावन मेरे का दूसरा दिन

जबलपुर ,यशभारत। कनक प्रीति की सर पर उड़े चुनरिया घूमर घूमर, राधे राधे तेरे बिना कृष्णा लगे आधे आधे जैसे मधुर गीतों पर ना सिर्फ किशोरियों एवं युवतियों ने 1 महिलाओं ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों की वाहवाही लूटी अवसर था अग्रवाल बारात घर में गुंजन कला सदन की महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सखी सावन मेले के दूसरे दिन का कार्यक्रम मैं नृत्य के साथ गीत एवं लोक गीत गायन एवं भजन प्रतियोगिताएं भी हुई संस्था की संरक्षक कौशल्या गोटिया सचिव इंदिरा पाठक तिवारी विशेष सहयोगी अंजू सिंह बघेल एवं संस्था के सभी संस्थापक नंबर के विशेष सहयोग से बहुत ही अच्छा कार्यक्रम रहा कार्यक्रम में नृत्य के साथ-साथ गीत एवं लोकगीत गायन की प्रतियोगिताएं भी हुई एकल नृत्य में भव्य

वैभवी एवं प्राची क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रही बाल समूह नृत्य में अपना डांस ग्रुप प्रथम आकांक्षा पलक सोनी द्वतीय स्थान मिला नृत्य के संपूर्ण प्रभाव प्रदर्शन में आदर्श सोनी प्रथम बेटी बचाओ प्रसंग पर रॉकी ग्रुप को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया महिला ग्रुप एकल एकल मैं ममता कुशवाहा प्रथम क्षमता मिश्रा द्वितीय तथा रेखा जैन तृतीय स्थान पर रही समूह नृत्य में आकांक्षा पलक प्रथम रितु निधि जैन द्वितीय तथा अपना डांस ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा माननीय अवध को विशिष्ट स्थान पर रखा गया गायन के बालिका ग्रुप में शैलजा सोनी प्रथम दीप्ति उपाध्याय द्वितीय अपर्णा पांडे तृतीय रही महिला ग्रुप में ज्योति वर्मन प्रथम लोकगीत गायन में शैलजा सोनी दतिया रजनी निगम तृतीय स्थान पर रही इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य पंडित रूद्र दत्त दुबे नरेंद्र कुमार जैन सुरेश कुमार सराफ विजय जायसवाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया अतिथि स्वागत हेतु अतुल श्रीवास्तव संयोजक कौशल्या गोटिया रेखा जैन संगीता त्रिपाठी रजनी निगम श्वेता दुबे रेनू शर्मा सुधा जयसवाल कहकशा अंजू मंजू मिश्रा विमला श्रीवास्तव शशि कला सेन ने किया प्रतियोगियों का निर्णय डॉ अंजू सिंह बघेल एवं अनीता साहू ने किया कार्यक्रम का संचालन श्रीमती इंदिरा पाठक तिवारी ने किया आभार प्रदर्शन किया आज के कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने बच्चियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से प्रदर्शन किए।

दो बोगियों ने उगला 7 लाख रुपए का गांजा

बोरियों में रखा था 7 क्विंटल गांजा, जीआरपी पड़ताल में जुटी

जबलपुर यश भारत। माल गाड़ियों में गांजा तस्करी जारी है तस्करों द्वारा माल गाड़ियों की बोगियों में गांजा भर कर इसको जगह-जगह पहुंचाया जा रहा है गांजे की हो रही अवैध तस्करी को रोकने के लिए विशेष पुलिस महानिदेशक रेल एवं पुलिस महानिरीक्षक रेल के द्वारा म.प्र. की सभी रेल ईकाइया को मादक पदार्थों की तस्करी मं लिप्त आरापियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। इसी आदेश के परिपालन में रेल ईकाई जबलपुर के पुलिस अधीक्षक (रेल)जबलपुर विनायक वर्मा द्वारा रेल ईकाई जबलपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों की तस्करी मे लिप्त आरोपियों की पतासाजी कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर श्रीमति प्रतिमा पटेल के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक रेल आर.के.गौतम को अधिकरिता अंतर्गत आने वाले जी.आर.पी.थानो में कार्य वाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जीआरपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आदेश के परिपालन में जी.आर.पी. थाना प्रभारी गाडरवारा एवं जी.आर.पी.चौकी प्रभारी पिपरिया ने संयुक्त रूप से माल परवेक्षक रेलवे स्टेशन पिपरिया प.म.रे.जबलपुर के प्राप्त मेमो के आधार पर रेल्वे स्टेशन पिपरिया के माल गोदाम के पास खडी दो बोगिया में प्लास्टिक की बोरियो में रखा गांजा मिला। एक बोगी में मिली बोरियो में 6 क्विन्टल 83 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया, इसी गांजे में से गांजे का 50-50 ग्राम नमूना परीक्षण हेतु पृथक किया गया। जप्त किये गये कुल गांजे की कीमत 7 लाख रूपये करीब है। रेल्वे विभाग से बांगियो में रखे गांजे के मालिक के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जो रेल्वे के अभिलेख का नही होना बताया। इस प्रकार अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध अपराध क्र. 162/22 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अन्तर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है जीआरपी ने बताया कि चूंकि इतना बडी मात्रा में रेल्वे माल गोदाम में गांजे का मिलना, रेल्वे विभाग के कमज़्चारियो अथवा रेल्वे विभाग के अभिलेख में भी जानकारी न होना गंभीर विषय है। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी गाडरवारा एवं चौकी प्रभारी पिपरिया की संयुक्त टीम अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु बनाई गई है तथा पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के द्वारा आरोपी का पता बताने वालों को उचित ईनाम दिया जायेगा की घोषणा भी की गई है। संपूर्ण कार्यवाही में जी.आर.पी. थाना प्रभारी गाडरवारा उप.निरी.बालेश्वर पाण्डेय, जी.आर.पी. चौकी पिपरिया प्रभारी सउनि. आर.एम. झारिया, प्र.आर. हरि सहित जीआरपी स्टाफकि अहम भूमिका रही।

देश की रक्षा करने वाले सैनिकों की कलाई पर बहनों ने बांधा देशी रक्षा सूत्र

मालवीय चौक पर अनूठा रक्षा बंधन

जबलपुर, यशभारत। देश की रक्षा करने वाले सैनिकों की कलाई पर मालवीय चौक पर आयोजित भव्य व गरिमामय समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या भारती के अंतर्गत गंगानगर शिशु मंदिर एवं शहर की बहनों के द्वारा हाथ से बनाई हुई राखी बांधकर रक्षाबंधन महोत्सव मनाया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इस आयोजन को देख कर शहर की अन्य बहिनों ने भी वहां मौजूद जवानों को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम संयोजक डॉ.सुधीर अग्रवाल ने बताया की ऐसे सैनिकों को जिन्हें कई वर्षों से देश की सेवा के कारण रक्षाबंधन उत्सव स्वयं के घर पर मनाने का मौका नहीं मिल पाया ,ऐसे सैनिक भाइयों की कलाइयां सूनी ना रहे इसलिए यह आयोजन महत्वपूर्ण हो गया है। अतिथि के रूप में उद्योगपति डॉ.कैलाश गुप्ता, सरस्वती शिक्षा परिषद के सचिव डॉक्टर नरेंद्र कोस्टी, कोषाध्यक्ष विष्णु कांत ठाकुर, व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयाजक शरद अग्रवाल,पं.योगेन्द्र दुबे उपस्थित रहे। वंदे मातरम के साथ समापन हुआ।

खमरिया में घर से गायब हो गई 19 वर्षीय नवविवाहिता

पति गया था काम पर, नहीं लगा सुराग



जबलपुर, यशभारत। खमरिया में नवविवाहिता के गायब होने का एक मामला सामने आया है। जिसके बाद क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त हो गईं है। दरअसल पीड़ित युवक का अभी-अभी विवाह हुआ था। जिसके बाद वह घर में पत्नी को छोड़कर मजदूरी करने बाहर गया हुआ था। जब घर आकर देखा तो पत्नी गायब थी। युवक ने आसपास पता किया लेकिन जब कहीं भी पत्नी का सुराग नहीं मिला तो थकहार कर युवक ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। वहीं, बताया जा रहा है कि 19 वर्षीय नवविवाहिता अपने पूर्व प्रेमी के साथ घर से रफूचक्कर हो गई। पुलिस हर एंगल से मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पिपरिया निवासी युवक ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह अभी अभी 19 वर्षीय मेखला (परिवर्तित नाम) उम्र 19 साल से हुआ था। शादी के बाद जिंदगी खुशहाल थी। लेकिन 1 अगस्त 2022 को मेखला अचानक घर से गायब हो गई। आसपास पता किया, पत्नी के घर वालों को भी खबर दी। लेकिन किसी को कुछ नहीं पता। फिलहाल पुलिस ने गुमइंसान दर्ज कर, मामला जांच में लिया है।

कटनी का गांजा कुंडम में हो रहा था सप्लाई

दो गांजा तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 11 किलो गांजा, बाइक जब्त

जबलपुर, यशभारत। कुंडम पुलिस ने दो गांजा तस्करों से 11 किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के साथ तीसरा फरार आरोपी, कटनी का गांजा कुंडम में ग्राहक को सप्लाई करने आए थे। जिसके बाद पुलिस ने ग्राम पड़रिया मेन रोड बीजापुर तिराहा के पास आरोपियों को दबोच लिया। जिसने पूछताछ जारी है।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि जबलपुर की ओर से तीन युवक पल्सर वाइक से 2 बैग में गांजा लेकर बेचने की फि राक में कुण्डम तरफ आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल दबिश देते हुए ,ग्राम पड़रिया मेन रोड बीजापुर तिराहा के पास वाहन चैकिंग के दौरान पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 20 एनटी 3281 में तीन युवक बैठे हुए थे। लेकिन पुलिस को देखकर एक मौके से फरार हो गया। मामले में पकड़े गए रितिक राय 21 वर्ष निवासी ग्राम नेगई चौकी सिलोड़ी थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी, सोनल राय 21 वर्ष निवासी ग्राम मैहरा सिवनी थाना निवास जिला मण्डला को दबोचा गया। जिन्होंने भागने वाले का नाम सौरभ सोनी निवासी त्रिमूर्तिनगर गली नम्बर 2 चंण्डाल भाटा थाना गोहलपुर बताया। दोनों आरोपी रितिक राय एवं सोनल राय के कब्जे से कुल 11 किलो गांजा कीमती लगभग 55 हजार रूपये और बाइक जब्त करते हुए फरार आरोपी की तलाश जारी है।

दौड़ा-दौड़ा कर युवक को मारे चाकू

पुरानी रंजिश पर दिया वारदात को अंजाम

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद चौक में देर रात पुरानी रंजिश को लेकर युवक से पहले तो जमकर मारपीट की और फिर दौड़ा-दौड़ा कर चाकूओं से वार कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि ओमप्रकाश जैसवाल 30 वर्ष, पिता विनोद जैसवाल गोरखपुर का निवासी है। आपसी रंजिश के चलते आजाद चौक में मनीष पटैल जमकर मारपीट कर धारदार हथियार से वार कर, घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कैंट में दीवार गिरने से मजदूर की मौत

जीओ कंपाउंड में जिस दीवार को तोड़ रहा था श्रमिक, वहीं भरभराकर गिरी

जबलपुर, यशभारत। कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत जीओ कंपाउंड में दीवार गिरने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी। दरअसल कंपाउंड में श्रमिक दीवार तोड़ रहा था, लेकिन वहीं दीवार भरभराकर श्रमिक के ऊपर गिर गयी। जिसमें दबने से श्रमिक बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद आनन-फानन में श्रमिक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां श्रमिक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सूचना के बाद मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रामकिशन नागेश उम्र 40 वर्ष पानी की टंकी के पास पुलिस चौकी के सामने गोराबाजार में रहता था और पेशे से श्रमिक होने के चलते जीओ कंपाउंड में दीवार तोड़ने का कार्य कर रहा था। यकायक दीवार रामकिशन के ही ऊपर गिर गयी। मलबे में दबे रामकिशन को तत्काल अन्य साथियों से मलबे से निकाला और अस्पताल में भर्ती करवाया जहां श्रमिक की मौत हो गयी। मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

मुहर्रम की सात तारीख सफर की रात आज

मदन महल दरगाह में सवारियां पेश करेंगी सलामी

जबलपुर यशभारत। शहादत के पर्व मुहर्रम की शनिवार को सात तारीख च्सफरज की रात हैं। इस मौके पर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की सवारियां मदन महल दरगाह मे सलामी पेश करेंगी। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सरपरस्ती मे आयोजित सलामी समारोह मे सवारियों एवं मुजावरो का परंपरानुसार इस्तक़बाल किया जाएगा। खादिमाने दरगाह मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, इनायत कादरी, जवाहर कादरी, ने प्रशासन से मदन महल दरगाह में समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करने की गुजारिश की है।

शानदार सजावट- मुहर्रम की सात तारीख पर गढ़ा के जुलूस पथ पर नूरानी नवजवान कमेटी, शान लंगर कमेटी, आलीशान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैनी एकता कमेटी, हैदरे लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, आजाद लंगर कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी, गौसे आजम लंगर कमेटी द्वारा शानदार सजावट की गई है। हैदरे लंगर कमेटी मुजावर मुहल्ला की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी हिंदू मुस्लिम धर्मावलंबियो के लिए 30 देग शाहकारी मटर पुलाव का एहतेमाम किया गया है।

आकर्षक झांकी - हुसैनी एकता कमेटी के तत्वावधान मे मुजावर मुहल्ला मे कर्बला की आकर्षक झांकी सजाई गई है। छोटी बजारिया तथा मुजावर मुहल्ला चौक मे भी आकर्षक झांकी सजाई गई है।

मासूम बनेंगे फकीर- मुहर्रम की सात तारीख को इमाम आली मुकाम के अक़ीदतमंद फकीरी या शेली पहनते है। मासूम बच्चे बड़े शौक से हरे लाल रंग की चमकीली फकीरी गले मे पहनकर फकीर बनते हैं। बच्चों को हरा कुर्ता भी पहनाया जाता है। मुहर्रम नौ तारीख शहादत की रात मे भी फकीरी पहनी जाती है।

शिया समुदाय का मातमी जुलूस आज

मुहर्रम की सात तारीख शनिवार को अपरान्ह सदर आला कोठी समीपस्थ मासूम बाबा के इमाम बाड़े से मातमी जुलूस निकलेगा। इस मौके पर मौलाना साहब मजलिस मे जाकरी पेश करेंगे। शिया मुस्लिम नवयुवक जंजीरो से मातम करेंगे। ओमती, गुरंदी, गलगला, होते हुए शिया इमामबाड़े मे मातमी जुलूस का समापन होगा।

मोहर्रम त्यौहार पर नगर निगम की व्यवस्थाएँ चाकचौबंद

मोहर्रम त्यौहार के लिए नगर निगम की व्यवस्थाएँ शहर के सभी मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रो में चाकचौबंध है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने इसके लिए अधिकारियों को विशेष रूप से डयूटी लगाकर मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुश्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखेगें। नगर निगम द्वारा मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था कराई है। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि सभी मस्जिदों, ईदगाह एवं करबला के आस-पास सफाई हेतु कर्मचारियों डयूटी लगाकर सफाई कराना, मुस्लिम क्षेत्र में साफ-सफाई, फॉगिंग, कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव, नाला नालियों की साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा उठवाना, चूने की लाइन डलवाना, एवं धुलाई करवाकर सेनेटाईजेशन कराना, मस्जिद, ईदगाह एवं करबला के आस-पास समुचित प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था, एवं आवारा पशुओं को पकड़ने आदि कार्यो को संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतने की भी निगमायुक्त ने अधिकारियों को हिदायत दी है।

ओएफके में आज सुबह तेंदुए की फिर दस्तक

अनुभाग प्रमुख ने कर्मचारियों को जारी की चेतावनी

जबलपुर यशभारत। विगत दिनों खमरिया फैक्ट्री में देखे गये तेदुएं के विचरण के बाद एक बार फिर निर्माणी के भीतर तेंदुआ विचरण करते हुए हुए देखा गया।बताया जाता है कि आज सुबह रात्रिपाली कर्मचारी अपने अनुभागों से बाहर आये तो तेंदुए को देख सन्न रह गए और अपने अनुभागों में वापिस चले गए। बताया गया है कि तेंदुआ टावर नंबर9,10,11और12के आस पास विचरण करते पाया गया था उन्होंने अपने साथियों को सूचित कर सुरक्षा विभाग को भी सूचित किया।कर्मचारी सूत्रों के अनुसार तेंदुआ फिलिंग-9अनुभाग के पास विचरण करते पाया गया था।सुबह फिलिंग-9के अनुभाग प्रमुख ने परिपत्र जारी करते हुए कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। सबसे आश्चर्य की बात ये है कि एक ओर अनुभाग प्रमुख एडवाइजरी जारी कर रहे हैं।वहीं निर्माणी के पी आर ओ इससे अनभिज्ञ हैं।इस संबंध में जब उनसे जानकारी मांगी तो उन्होंने कहा कि यहां वन क्षेत्र है तेंदुए तो घूमते ही रहते हैं।फैक्ट्री प्रशासन कर्मचारियों के बचाव के लिए क्या कदम उठा रहा है।इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई।

पौधारोपण कर मनाया हरियाली महोत्सव

जबलपुर। हलचल महिला मंडल द्वारा आज शैल शैलपर्ण उद्यान में राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ श्रद्धा तिवारी के मुख्यातिथ्य तथा समाजसेवी डॉ. एच. पी.तिवारी के मार्गदर्शन में शैलपर्ण उद्यान में बरगद,पीपल,जामुन,आम और अमरूद के 51पौधे रोप कर हरियाली महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती मंजू शर्मा,विनीता शर्मा,सुरभी जैन,ज्योति सोनी,आरती गुप्ता,मंजू इंगले,वंदना कोरी,आरती कोरी,मीना पांडे,सोनाली पाठक आदि उपस्थित थीं।

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हबलानी
बी.डी.एस. (इंदौर)
दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने,
सतना बिल्डिंग, जबलपुर
मो. 934073472, 9300049344
विशेषताएं: रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत, बत्तीसी, दांतों की सफाई, टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज।

गुमशुदा की तलाश

नाम- उत्तरा बाई ठाकुर,
पति- आनंद ठाकुर,
उम्र 36 वर्ष,
उंचाई - 5 फुट,
रंग- गोरा, चेहरा गोल,
शिक्षा- चौथी,
स्थाई निवास- ग्राम कंतोरा, पोस्ट सिमरिया, तहसील पाटन, जिला जबलपुर

उत्तरा बाई ठाकुर दिनांक 1 मार्च को ग्राम नीमखेड़ा से अपने घर ग्राम कंतोरा आने के लिए निकली थीं लेकिन आज दिनांक तक घर नहीं पहुंचीं, इन्हें फिट की बीमारी की शिकायत है तथा मानसिक रूप से कमजोर हैं। गुमशुदा लाल साड़ी और पीला ब्लाउज और चप्पल पहने हुए हैं। कृपया जिसे भी इनके संबंध में जानकारी मिले वह भे?घाट थाना या मोबाइल नंबर 8817273137 पर सूचना दें। इनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भे?घाट थाना में दर्ज है।

संपर्क सूत्र- 8817273137

पूना गयी पीड़िता का घर चोरों ने किया साफ

नगदी जेवर लेकर शातिर आरोपी फरार, पुलिस खंगाल रही सीसीटीव्ही फुटेज

जबलपुर, यशभारत। माढोताल के स्टार सिटी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर नगदी और जेवरातों सहित करीब 60 हजार की चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना के दौरान पीड़िता पूना में रहकर अपना इलाज करा रही थी और घर में ताला लगाकर गयी हुई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सुजीत श्रीवास्तव 48 वर्ष निवासी विजयनगर ने बताया कि उसकी बहन श्रीमती क्षमा श्रीवास्तव स्टार सिटी फेस 1 में रहती थी जो पिछले 2 माह से पूना स्थित अपने बेटे के घर पर रहकर पूना में अपना इलाज करा रही है। बहन के घर पर ताला लगा हुआ हैं। पड़ोसी ने बताया कि आपके घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है , बहन के द्वारा बताने पर अंदर देखा तो दोनों आलमारियों का ताला टूटा था सामान बिखरा पड़ा था । घर में चेक करने पर आलमारी के अंदर लॉकर मं रखा सोने का 1 हार, 3 अंगूठी, चांदी की 4 पायल, चांदी का चाबी का गुच्छा, चांदी के 15-16 सिक्के, नगदी सहित लगभग 60 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है।

4 साल से नहीं मिला गेहूं खरीदी का भुगतान हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई कड़ी फटकार

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने किसानों को बीते 4 साल से गेहूं खरीदी के पैसों का भुगतान न किए जाने के मामले में राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। इतना ही नहीं बेहद सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने 25 हजार रुपए का जुमानज़ भरने की शतज़ पर सरकार को जवाब देने के लिए मोहलत दी है।

दोषी अधिकारी से वसूला जाए जुर्माना- जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि सरकार एक तरफ तो खुद को किसान हितैषी बताती है, दूसरी तरफ किसानों से जुड़े मुद्दे पर पिछले तीन साल से जवाब तक पेश नहीं कर पाई है। दरअसल साल 2018 में खरीदे गए गेहूं का किसानों को अब तक भुगतान नहीं करना सरकार के दोहरे चरित्र को दशातज़ है। लिहाजा सरकार पर 25 हजार रुपए का जुमानज़ लगाया जाता है। यह राशि जवाब पेश नहीं करने के दोषी अधिकारी से 10 दिन के भीतर वसूल कर हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति में जमा कराने के निदेज़्श भी अदालत ने दिए हैं।

संपादकीय

सवाल तो जायज है

करीब एक हफ्ते तक चली 5-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी से केंद्र सरकार की 1.5 लाख करोड़ रुपयों की आमदनी होगी। यानी बाजार ने इसकी यही कीमत लगाई। तो सहज ही कई हलकों से यह सवाल उठाया गया कि आज से तकरीबन 12 साल पहले हुई 2-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी पर तत्कालीन सीएजी एक लाख 76 हजार करोड़ रुपये के अनुमानित नुकसान के निष्कर्ष पर कैसे पहुंचा था। अगर आज की कीमतों पर 5-जी स्पेक्ट्रम की कुल कीमत डेढ़ लाख करोड़ रुपये है, तो उस समय 2-जी स्पेक्ट्रम की कीमत दो लाख करोड़ से भी ज्यादा (जो रकम सरकारी खजाने में आई और जो कथित तौर पर नुकसान हुआ) कैसे हो सकती थी? ये मामला इसलिए बेहद गंभीर है, क्योंकि 2-जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में हुए कथित घोटाले से ही यूपीए सरकार के पतन की शुरुआत हुई थी। इस उठाए गए सवाल के पीछे यह सोच अनिवार्य रूप से मौजूद है कि वह सारा मामला बनावटी था और उसके पीछे उन कॉरपोरेट घरानों और राजनीतिक ताकतों का हाथ था, जो यूपीए को सत्ता से हटाना चाहते थे। उस कथित घोटाले से संबंधित मुकदमे पहले ही कोर्ट में खारिज हो चुके हैं। तो अब यह विचारणीय है कि आखिर लोकतंत्र में कौन-सी ताकतें प्रचार और संगठन की ऐसी क्षमता रखती हैं, जो मामलों को गढ़ कर पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी से उतार दें? अब वो समय वापस नहीं लाया जा सकता। इसके बावजूद ऐसी घटनाओं और परिघटनाओं पर जरूर चर्चा होनी चाहिए, ताकि आखिरकार इतिहास अपना सही फैसला दे सके। इस बार की नीलामी में भुगतान के लिए कंपनियों को एक विशेष सहूलियत दी गई है। कंपनियां भुगतान 20 सालाना किस्त में कर सकेंगी। हर साल किस्त को साल की शुरुआत में अग्रिम राशि के रूप में जमा कराना ना होगा। 10 सालों बाद स्पेक्ट्रम को वापस लौटाने का भी विकल्प खुल जाएगा। स्पष्टत: ये शर्तें कॉरपोरेट सेक्टर के मनमाफिक हैं। अब प्रश्न यह है कि अगर तब की सरकार पर क्रोनी कैपिटलिज्म में शामिल होने का आरोप लगा था, तो ऐसी शर्तों को क्या कहा जाएगा?

व्यापार घाटा, समाधान ढूंढे

बीते जून में भारत के व्यापार घाटे का रिकॉर्ड बना था, जब ये घाटा 26 बिलियन डॉलर से अधिक दर्ज हुआ। तभी उसे चेतावनी की एक घंटी बताया गया था। लेकिन जुलाई में तो बाद उससे बहुत आगे बढ़ गई। ये घाटा 31 बिलियन डॉलर से भी आगे चला गया है। इसके साथ ही एक और चिंताजनक पहलू यह रहा कि भारत के निर्यात में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। अब जबकि अमेरिका और यूरोप पर मंदी का साया गहरा रहा है, तो आशंका है कि उससे भारत के निर्यात पर और खराब असर पड़ेगा। जबकि आयात बिल को घटाने का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। पेट्रोलियम और अन्य कॉमोडिटी की महंगाई से पहले जितनी ही चीजें मंगाने पर ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। यह आसन्न बड़ी समस्या का संकेत है। यह ठीक है कि अभी भारत के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। इसलिए तात्कालिक कोई बड़ी चुनौती सामने नहीं आएगी। लेकिन दुनिया की तमाम संस्थाएं और विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अभी महंगाई और मंदी का जो ट्रेंड है, उसके दीर्घकालिक होने के हालात हैं। ऐसे में भविष्य में गंभीर चुनौती अवश्य सामने आएगी। इसलिए अभी से सतर्क होने की जरूरत है। गौरतलब है कि देश में अधिक डॉलर लाने के लिए सरकार ने जो दो उपाय घोषित किए थे (कंपनियों के डॉलर में कर्ज लेने की सीमा को दो गुना करना और अनिवासी भारतीयों की रकम आकर्षित करने के लिए बैंकों को ब्याज दर में लचीलापन अपनाने की छूट देना), उनसे कोई उल्लेखनीय लाभ नहीं हुआ है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के सख्त उपाय किए जाएं। अगर जरूरी हो, तो इस मकसद से लग्जरी गुड्स का आयात घटाने के कदम उठाए जाने चाहिए। एक बड़ी समस्या यह है कि देश में छोटे और मध्यम उद्योगों के कमजोर हो जाने के कारण छोटी चीजें भी आयात करनी पड़ रही हैं। इसका फायदा चीन को मिला है। चीन से आयात-निर्यात के जुलाई के आंकड़े अभी नहीं आए हैं।

ताइवान पर तनाव, अमेरिका का चाव, भारत के भाव

अमेरिका और चीन के बीच तनाव के जो मुद्दे हैं वो बने हुए हैं, चाहें वो ताइवान हों, दक्षिण चीन सागर में बढ़ता चीन का प्रभाव हो या फिर दोनों देशों के बीच चल रहा ट्रेड वॉर हो इन सभी से परे ताइवान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी साख का सवाल बनता जा रहा है. चीन की आर्थिक हालत इस समय ख़राब है. शी जिनपिंग ऐसे समय में कमजोर नहीं दिखना चाहेंगे, इसलिए वो राष्ट्रवाद का सहारा लेंगे और ताइवान की तरफ जाएंगे. इसलिए चीन ताइवान को लेकर आक्रामक है और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल कर रहा है.

अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच तीखा तनाव पैदा हो गया है। मंगलवार को जब अमेरिकी कांग्रेस की स्पीकर ताइवान पहुंची तो अमेरिकी फाइटर जेट्स भी पीछे-पीछे सुरक्षा में रवाना हुए। इससे नाराज चीन ने ताइवान के आसपास सैन्य युद्ध अभ्यास का ऐलान कर दिया। चीन भड़का हुआ है। अमेरिका ने भी साफ कर दिया कि सुरक्षा के मुद्दे पर अमेरिका ताइवान के साथ खड़ा है। नैंसी पेलोसी के दौरे पर चीन क्यों खफा है। क्या रूस और यूक्रेन की तरह चीन और ताइवान के बीच युद्ध की संभावना है। अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा का चीन ने स्वागत नहीं किया है। इसने दो शक्तिशाली देशों- चीन और अमेरिका के बीच तीव्र तनाव पैदा कर दिया है क्योंकि चीन ताइवान को एक अलग प्रांत के रूप में देखता है।

ताइवान, जो खुद को एक संप्रभु राष्ट्र मानता है, मगर चीन ताइवान को अपना अलग प्रांत मानता है। फिर भी ताइवान अमेरिका को अपना सबसे बड़ा सहयोगी मानता है और अमेरिकी स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद दुनिया एक नए टकराव की ओर बढ़ रही है. यात्रा के बाद अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ गया है, जिसके केंद्र में ग्लोबल सेमीकंडक्टर ट्रेड पर वर्चस्व बनाना है. ऐसा अनुमान है कि ग्लोबल सेमीकंडक्टर कैपेसिटी में अकेले ताइवान की 20 फीसदी हिस्सेदारी होगी. दूसरी ओर अमेरिका और चीन सेमीकंडक्टर के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से हैं. बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, सेमीकंडक्टर दुनिया में चौथा सबसे ज्यादा ट्रेड होने वाला प्रोडक्ट है. इसमें दुनिया के 120 देश भागीदार हैं. सेमीकंडक्टर से ज्यादा ट्रेड सिर्फ क्रूड ऑयल, मोटर व्हीकल व उनके कल-पुर्जों और खाने वाले तेल का ही ट्रेड होता है।

ताइवान, आधिकारिक तौर पर चीन गणराज्य, पूर्वी एशिया में एक देश है, और उत्तर पश्चिमी प्रशांत महासागर में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर के जंक्शन पर जापान और फिलीपींस के बीच है। अर्धचालकों की अधिकांश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला ताइवान पर निर्भर है। वर्तमान में, केवल 13 देश (प्लस वेटिकन) ताइवान को एक संप्रभु देश के रूप में मान्यता देते हैं। चीन और ताइवान की अर्थव्यवस्थाएं अटूट रूप से जुड़ी हुई हैं। 2017 से 2022 तक 515 बिलियन डॉलर के निर्यात मूल्य के साथ चीन ताइवान का सबसे बड़ा निर्यात भागीदार है, जो अमेरिका से दोगुना से अधिक है। ताइवान अन्य द्वीपों की तुलना में मुख्य भूमि चीन के बहुत करीब है, और बीजिंग इसे अपना समझता है क्योंकि 1949 में चीनी क्रांति के दौरान राष्ट्रवादियों को वहां से खदेड़ दिया था।

अमेरिका और चीन के बीच जिन मुद्दों को लेकर तनाव है, उनमें है ट्रेड वॉर- दोनों ने एक-दूसरे के उत्पादों पर आयात कर बढ़ाया है. हाल के सालों में एक-दूसरे पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध भी लगाए हैं. समंदर में बढ़ते चीन के प्रभाव और दक्षिण चीन सागर में चीन के पैर फैलाने से अमेरिका और पश्चिमी मुल्क नाराज़ हैं. इसे लेकर कई बार दोनों के बीच तनाव चेतावनी तक भी बढ़ा है. चीन की घेराबंदी कर अमेरिका पेसिफिक के देशों के साथ संबंध बढ़ाना चाहता है. यहां वो अपने सहयोगी ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर चीन के प्रभाव को रोकने की कोशिश कर रहा है. अमेरिका, यूके और ऑस्ट्रेलिया के बीच हाल में ऑकस सुरक्षा गठबंधन बना है. अमेरिका चीन पर वीगर अल्पसंख्यक मुसलमानों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का भी आरोप लगाता है, हालांकि चीन इससे इनकार करता रहा है। अमेरिका और चीन के बीच तनाव के जो मुद्दे हैं वो बने हुए हैं, चाहें वो ताइवान हों, दक्षिण चीन सागर में बढ़ता चीन का प्रभाव हो या फिर दोनों देशों के बीच चल रहा ट्रेड वॉर हो; इन सभी से परे ताइवान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी साख का सवाल बनता जा रहा है. चीन की आर्थिक हालत इस समय ख़राब है. शी जिनपिंग ऐसे समय में कमजोर नहीं दिखना चाहेंगे, इसलिए वो राष्ट्रवाद का सहारा लेंगे और ताइवान की तरफ जाएंगे. इसलिए चीन ताइवान को लेकर आक्रामक है और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल कर रहा है।

आज के वैश्विक परिवेश में अमेरिका की शक्ति कम हो रही है और चीन एक उभरती हुई शक्ति है. जहां तक भारत की बात है, भारत एक अनिश्चित शक्ति है, रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने भी वही पक्ष लिया है जो चीन ने लिया है. चीन भारत का पड़ोसी है, दोनों करीब 3488 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं. लेकिन बीते कुछ सालों से भारत और चीन सीमा विवाद में उलझे हैं. जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों मुल्कों के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद दोनों के रिश्तों में तनाव बढ़ा है. भारत ने दर्जनों चीनी मोबाइल ऐप्स प्रतिबंधित किए हैं और कुछ चीनी उत्पादों पर एंटी डंपिंग कर भी लगाया है. वहीं, भारत के अमेरिका के साथ मज़बूत रिश्ते रहे हैं. चीन का मुकाबला करने के लिए एशिया में भारत अमेरिका का अहम सहयोगी है।

अमेरिका ने खुलकर भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने के संकेत भी दिए हैं. ऐसे में अगर चीन और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर भारत पर पड़ने की आशंका भी है. भारत और चीन के बीच हाल के सालों में रिश्तों में तनाव आया है. इसी बीच भारत ने ताइवान के साथ अपने संबंधों को निभाने की कोशिश की है. 2020 में गलवान में में हुए विवाद के बाद भारत ने विदेश मंत्रालय में तत्कालीन संयुक्त सचिव (अमेरिका) गौरांगलाल दास को ताइवान में राजनयिक नियुक्त किया. भारत ने अभी तक तक ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक रिश्ते नहीं बनाए है। भारत के लिए अहम ये नहीं है कि चीन और अमेरिका बात कर रहे हैं. भारत के लिए अहम ये है कि चीन ने जिस तरह से अमेरिका को स्पष्ट कहा है कि ताइवान के मामले में वो किसी को दखल नहीं देने देगा. इससे भारत के लिए संकेत ये है कि चीन अपने और भारत के तनाव में भी किसी को दखल नहीं देने देगा।

भारत की एक्ट ईस्ट विदेश नीति के एक हिस्से के रूप में, भारत ने ताइवान के साथ व्यापार और निवेश के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के मुद्दों और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान में सहयोग विकसित करने की मांग की है। उदाहरण के लिए, नई दिल्ली में भारत-ताइपे एसोसिएशन और ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र। भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन 1995 के बाद से, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय बनाए रखा है जो वास्तविक दूतावास के रूप में कार्य करते हैं। 1949 से, भारत ने एक चीन नीति को स्वीकार किया है जो ताइवान और तिब्बत को चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करती है।

हालांकि, भारत एक कूटनीतिक बिंदु बनाने के लिए नीति का उपयोग करता है, अर्थात, यदि भारत एक चीन नीति में विश्वास करता है, तो चीन को एक भारत नीति में भी विश्वास करना चाहिए। भले ही भारत ने 2010 से संयुक्त बयानों और आधिकारिक दस्तावेजों में वन चाइना नीति के पालन का उल्लेख करना बंद कर दिया है, लेकिन चीन के साथ संबंधों के ढांचे के कारण ताइवान के साथ उसका जुड़ाव अभी भी प्रतिबंधित है। आखिरकार, ताइवान का मुद्दा केवल एक सफल लोकतंत्र के विनाश की अनुमति देने के नैतिक प्रश्न के बारे में नहीं है, मगर अंतरराष्ट्रीय नैतिकता के बारे में है, ताइवान पर चीन के आक्रमण के अगले दिन एक बहुत ही अलग एशिया दिखेगा, चाहे कुछ भी हो जाए। ऐसे में ताइवान पर तनाव में, अमेरिका का चाव, भारत के भाव निर्णायक साबित होंगे।

-सत्यवान च्सौरभज

आपका राशिफल 07 अगस्त

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

फिल्म वर्ग पहेली - 5892



बायें से दायें:-

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नाक्रिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नाक्रिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कातिल' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राव की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

ऊपर से नीचे:-

१. 'हँसते हँसते' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरुख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो ज़रा कहिये तो' गीत वाली शाहरुख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सबसे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने को' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रुके रुके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5891

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6408

✱✲✲✲✲ सरल

8	5			3		6	1	
6	7		9		4		2	
2					1			4
	3	9			7			
	6	2		8		4	7	
			6			9	3	
3			5					7
	4		1		6		8	3
	8	5		7			9	6

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6407 का हल

6	3	7	2	1	5	4	8	9
9	8	4	3	7	6	5	2	1
2	5	1	9	4	8	7	3	6
3	6	8	5	9	7	1	4	2
7	2	9	4	8	1	6	5	3
4	1	5	6	3	2	8	9	7
5	7	6	8	2	9	3	1	4
8	4	2	1	6	3	9	7	5
1	9	3	7	5	4	2	6	8

सेहत

गाजर एक गुण अनेक, आंखों से लेकर त्वचा तक मिलेगा फायदा

आप खुद को स्वस्थ रखना चाहते हैं, अपनी आंखों की रोशनी बनाए रखना चाहते हैं या फिर अपनी त्वचा की रंगत निखारने के साथ-साथ बालों को भी चमकदार बनाए रखना चाहते हैं तो गाजर का सेवन करें। खाने में स्वादिष्ट और कम कैलरी वाली गाजर में पौष्टिक तत्वों की बहुतायत होती है, जो आपकी सेहत को दुरुस्त रखने में मददगार साबित होते हैं। इसमें बीटा कैरोटिन, विटामिन ए, विटामिन सी, खनिज लवण, विटामिन बी 1 के साथ-साथ एंटी ऑक्सिडेंट की बहुतायत होती है। अगर आप गाजर को नियमित तौर पर अपने आहार का हिस्सा बनाते हैं तो आप खुद को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं से बचाये रख सकते हैं। गाजर का इस्तेमाल आप कच्चा या फिर पकाकर किसी भी तरह से कर सकते हैं। गाजर का इस्तेमाल केवल भोजन में ही नहीं होता, बल्कि इसका इस्तेमाल बहुत सारी दवाओं के निर्माण में भी किया जाता है।

इसके हैं ढेर सारे फायदे

1. गाजर का किसी भी रूप में नियमित तौर पर सेवन करने से आपकी आंखों की रोशनी दुरुस्त रहती है। इसमें बीटा कैरोटिन की बहुतायत होती है, जो खाने के बाद पेट में जाकर विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है। आंखों के लिए विटामिन ए बेहद जरूरी है, यह हम सब जानते हैं। विटामिन ए रेटिना के अंदर परिवर्तित होता है। इसके बैंगनी से दिखने वाले पिगमेंट में इतनी शक्ति होती है कि गाजर खाने से रतौंधी जैसे रोग की आशंका कम हो जाती है। यह आंखों के रोग मोतियाबिंद की आशंका को कम करता है।

2. गाजर को अपने आहार का हिस्सा बनाने से फेफ?, ब्रेस्ट और कोलोन कैंसर का खतरा कम होता है। एक मात्र गाजर ही ऐसा खाद्य पदार्थ है, जिसमें फाल्केरिनोल नामक प्राकृतिक कीटनाशक पाया जाता है। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह पाया गया है कि गाजर का सेवन करने से किसी भी कैंसर का खतरा एक तिहाई तक कम होता है।

3. गाजर का सेवन करने से आप पर उम्र का असर देर से नजर आता है। यह एंटी एजिंग एजेंट की तरह कार्य करता है। इसमें भरपूर मात्रा में पाया जाने वाला बीटा कैरोटिन, एंटी ऑक्सिडेंट हमारे शरीर की कोशिकाओं की मरम्मत करता है, इससे कोशिकाओं की उम्र देरी से घटती है और शरीर पर झुर्रियां नहीं प?तीं।

4. गाजर में मौजूद औषधीय गुण किसी भी किस्म के संक्रमण की आशंका को कम करते हैं। आप चाहें इसका जूस पिएं या इसे उबालकर खाएं, यह फायदेमंद है।

5. यह त्वचा की सेहत को दुरुस्त रखने में भी मददगार साबित होता है। इसमें विटामिन सी और एंटी ऑक्सिडेंट की बहुतायत होती है, जिसकी वजह से इसका इस्तेमाल करने से त्वचा को सूर्य की तेज रोशनी से होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकता है। विटामिन ए की कमी की वजह से त्वचा, नाखून और बाल रूखे होने लगते हैं। अगर आप नियमित तौर पर गाजर को अपने आहार में शामिल करते हैं तो साफ सुथरी निखरी हुई त्वचा के मालिक बन सकते हैं। इसके इस्तेमाल से वक्त से पहले आने वाली झुर्रियों, रूखी त्वचा, एक्ने, पिगमेंटेशन, झांइयां, चितकबरी त्वचा आदि की समस्याओं को अपने से दूर रख सकते हैं।

6. गाजर के जूस में काला नमक, धनिया की पत्ती, भुना हुआ जीरा, काली मिर्च और नीबू का रस मिलाकर नियमित तौर पर पीने से पाचन संबंधी ग?ब?ी से तुरंत छुटकारा मिलता है।

विचार प्रवाह

तुम मिशनरी हो, केवल अपने मिशन पर नजर रखो। भौंकने वालों पर ध्यान मत दो। क्या तुमने सुना नहीं कि हाथी चलता है कुत्ते भौंकते हैं। सुनो सबकी, पर करो वही जो दिल कहे। और हां हर सवाल का जवाब मत दो। क्योंकि 90 प्रतिशत सवाल तो ऐसे होते हैं जिनका जवाब देना जरूरी नहीं होता। चुप रहना ही उनका जवाब है। चलते चलो। पीछे मुड़कर मत देखो। क्योंकि मंजिल आगे है पीछे नहीं।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7448



बाएँ से दाएँ

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रूई का पौधा-3
17.आयोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

ऊपर से नीचे

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य करना-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, ख़फा होना-3
27.मकखन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाती जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

शब्द पहेली - 7447 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

नेमावर में 6 हजार एकड़ जमीन पर बनेगा देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

अथॉरिटी ने दी तकनीकी स्वीकृति

भोपाय,शभारत। मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनना लगभग तय हो गया है। यह एयरपोर्ट प्रदेश में देवास जिले के नेमावर क्षेत्र में बनेगा। जिसके लिए 6 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इस एयरपोर्ट के लिए तकनीकी स्वीकृति दी है। जिसके बाद अब यह प्रस्ताव मुख्य सचिव के पास पहुंचा है। बता दें कि इस एयरपोर्ट से भोपाल और इंदौर के बीच रीजनल रेल कनेक्टिविटी विकसित होगी। देवास का यह एयरपोर्ट यात्री सेवा के साथ कार्गो और लॉजिस्टिक हब को बढ़ावा देने के एक विकल्प बनेगा भी साबित हो सकेगा। साथ ही इस परियोजना से 5 से 6 लाख लोगों को रोजगार मिलने के भी अवसर मिलेगा। और सब ठीक रहा तो जनवरी 2023 को भूमिपूजन होगा। दरअसल मार्च 2022 में इसके लिए केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति दी थी। जिसके बाद मप्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने जमीन की योजना को लेकर शासन को प्रस्ताव दिया। अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने तकनीकी स्वीकृति दे दी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी कई पैमानों पर जमीन को परखा और और उसके बाद ही यह निर्णय लिया। इस प्रोजेक्ट पर मप्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की एक अलग टीम काम कर रही है। औद्योगिक निवेश एवं नीति प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और प्रमुख सचिव संजय शुक्ल इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन संजीव कुमार से चर्चा कर चुके हैं।

दुधमुंही बच्ची को रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़कर गायब हुई मां, गिरफ्तार

भोपाल,यशभारत। शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने चार माह की बच्ची को उज्जैन के रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़कर गायब होने के आरोप में उसकी मां को गिरफ्तार किया है। जीआरपी की एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीआरपी की पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने संवाददाताओं को बताया कि 40 वर्षीय महिला ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के पैदल पुल के पास अपनी दुधमुंही बच्ची को 25 जुलाई को लावारिस छोड़ दिया था और रेलवे स्टेशन से चुपचाप बाहर निकल गई थी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर महिला की पहचान की गई और उसे भारतीय दंड विधान की धारा 317 (मां द्वारा उसके शिशु को असुरक्षित हालात में लावारिस छोड़ना) के तहत गिरफ्तार किया गया। गुप्ता ने बताया, महिला ने पूछताछ में कहा कि उसका शादी के आठ साल बाद पति से तलाक हो चुका है जिससे उसे दो पुत्रियां हैं। महिला के मुताबिक उसने जिस दुधमुंही बच्ची को उज्जैन रेलवे स्टेशन पर लावारिस छोड़ा था, वह अन्य व्यक्ति से उसके संबंध के चलते जन्मी है।

करोड़पति क्लर्क की पत्नी के नाम कई संपत्तियां, उसे भी बनाया आरोपी

भोपाल ,यशभारत। मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग के करोड़पति क्लर्क हीरो केसवानी बुरी तरह फंस गए हैं। उन्होंने ज्यादातर संपत्तियों को अपनी पत्नी नैना केसवानी के नाम पर खरीदा था। अब आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने हीरो की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। नैना केसवानी यूं तो गृहिणी हैं, लेकिन अब उन्हें भी इस केस में आरोपी की तरह सवालों के जवाब देने होंगे। ईओडब्ल्यू को क्लर्क हीरो केसवानी के घर से अब तक जांच में 86 लाख नकद, 5 लाख की ज्वैलरी और एक दर्जन प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले है। इस संपत्ति की कीमत चार से पांच करोड़ रुपये के करीब है। केसवानी ने अपनी पत्नी नीना केसवानी के नाम पर अधिक संपत्तियां खरीदी है। इसके अलावा केसवानी परिवार के बैंक खातों में भी ज्वैलरी और लाखों रुपये मिले हैं। अब ईओडब्ल्यू की टीम नीना केसवानी के नाम से खरीदी गई प्रॉपर्टी की जांच कर रही है। ईओडब्ल्यू ने हीरो केसवानी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। नीना को सह-आरोपी बनाया गया है। केसवानी के दो लड़के हैं। बड़ा लड़का प्राइवेट जॉब करता है। छोटे बेटे की कुछ दिन पहले ही क्लर्क के तौर पर सरकारी नौकरी लगी है। केसवानी के घर पर छापा मारने गई टीम उसका घर देखकर हैरान रह गई। आरोपी का बैरागढ़ स्थित भवन ही लगभग 15 करोड़ रुपये मूल्य का है। हीरो केसवानी के तीन मंजिला आलीशान भवन तथा इसके प्रत्येक फ्लोर में सजावट के कार्य को देखकर ईओडब्ल्यू की टीम भी आश्चर्यचकित रह गई। इस भवन के प्रत्येक कमरे में पैनलिंग और वुडन वर्क कराया गया है। छत पर आलीशान पेंटहाउस बनाया है।

मप्र में बदला मौसम का मिजाज, भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने दिया अलर्ट

भोपाल,यशभारत। मध्य प्रदेश के कई इलाकों में कल पूरे दिन बारिश होता रहा। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले 24 घंटों में मालवा-निमाड़ क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है। लगातार बढ़ रहे उमस के बाद आई इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

अगले एक हफ्ते तक बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने आज के मौसम को लेकर अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले एक हफ्ते तक राज्य के कई जिलों में बारिश होती रहेगी।

पश्चिमी विक्षोभ से बदल रहा मौसम का मिजाज

मौसम विभाग का कहना है कि मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। अचानक से नमी बढ़ने से झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। सनद रहे कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से और अरब सागर में चक्रवाती घेरा बनने से कुछ दिन ऐसे ही बारिश होती रहेगी।

अगले 24 घंटों में इन संभागों के कई जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर संभाग के कई जिलों में बारिश की संभावना है।

येलो अलर्ट जारी

बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, उज्जैन, देवास, मंदसौर, नीमच जिलों में येलो अलर्ट जारी। इन इलाकों में हो सकती है भारी बारिश।

इन संभागों में होगी कहीं-कहीं बारिश

मध्य प्रदेश के भोपाल, शहडोल, सागर, जबलपुर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर अगले 24 घंटों में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि चंबल, रीवा संभागों के जिलों में भी कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

शिवराज बोले- देख रहा है बिनोद, ये कांग्रेसी अब तिरंगे पर भी राजनीति कर रहे हैं

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान पर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ पर शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने चर्चित वेब सीरीज पंचायत के डायलॉग का इस्तेमाल कर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट किया- देख रहा है बिनोद, ये कांग्रेसी अब तिरंगे पर भी राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचायत वेब सीरीज के डायलॉग से कांग्रेस और कमलनाथ पर निशाना साधा है। इससे पहले कमलनाथ ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि जिनका तिरंगे से कभी प्रेम नहीं रहा, वो आज तिरंगे के सम्मान की बात कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का आजादी के संघर्ष में कोई योगदान नहीं, जिनके दल में एक भी ऐसा महापुरुष नहीं, जिसने आजादी की लड़ाई लड़ी हो, जिनका तिरंगे से कभी प्रेम नहीं रहा, वो आज तिरंगे के सम्मान की बात कर रहे हैं। तिरंगे के सम्मान के नाम पर वो खुद को देशभक्त बताने का प्रयास कर रहे हैं, उनकी देशभक्ति आजादी के संघर्ष में सभी ने देखी है।

मेधावी स्कीम बदलेगी, नहीं रुकेगी सरकारी फीस

ञ्छह लाख तक आय वाले स्टूडेंट एक बार स्कीम से जुड़ेऔर बाद में कमाई 10 लाख भी हो

भोपाल , यशभारत। सरकारी फीस से वंचित रह रहे मप्र के लाखों स्टूडेंट्स को जल्द ही बड़ी खबर मिलने वाली है। राज्य सरकार मेधावी स्कीम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इसमें सबसे अहम बात यह होगी कि छह लाख रु. तक की आय सीमा वाले स्टूडेंट्स यदि एक बार इस स्कीम से जुड़े और बाद में उनकी आय 10 लाख या उससे भी ज्यादा हो जाती है, तो भी उन्हें स्कीम से नहीं हटाया जाएगा। यानी पड़ाई पूरी होने तक राज्य सरकार ही उनकी फीस भरेगी। अभी छह लाख रु. से ज्यादा आय ब?ते ही स्टूडेंट? को स्कीम से हटा दिया जाता है। इस कारण लाखों बच्चों को आगे की प?ाई पूरी करने में आर्थिक दिक्कत आती है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने स्कीम में बदलाव की तैयारी पूरी कर ली है।

बीते मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में भी इस मुद्दे को एक्स एजेंडे के रूप में लाया गया था, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हो पाई। अब इसे अगली कैबिनेट में लाने की तैयारी है। स्कीम में आय सीमा के साथ तीन अहम बदलाव करना प्रस्तावित है। कैबिनेट से अप्रूवल मिलते ही मेधावी स्कीम का दायरा बढ़ जाएगा।

तीन बदलाव प्रस्तावित - अभी दूसरे साल 6 लाख से ज्यादा और 7.50 लाख से कम वालों की फीस ही भरी जाती थी

1. पिता या पालक की आय सीमा छह लाख रुपए से कम के प्रावधान के तहत एक बार योजना के पात्र हो गए तो पढ़ाई खत्म होने तक फीस भरी जाएगी। अभी स्थिति = पात्रता हासिल करने के बाद यदि दूसरे साल आय छह लाख से ज्यादा और 7.50 लाख रुपए से कम है तो ही फीस भरी जाती थी। इसके बाद छात्र-छात्रा को स्कीम से बाहर कर दिया जाता था। अभिभावकों से हर साल आय का प्रमाण-पत्र भी लिया जाता था।

2. पॉलिटेक्निक व ई-फार्मा के छात्रों को क्रमश= बीई सेकंड ईयर या बी-फार्मा में प्रवेश (लेटरल एंट्री) लेने पर स्कीम का लाभ मिलेगा। अभी स्थिति = लेटरल एंट्री लेने पर स्कीम की पात्रता हासिल नहीं होती थी।

3. नीट और क्लेट में प्रवेश की पात्रता परीक्षा पास करने वालों की रैंक फिक्स होगी जो क्रमश= 50 हजार और 3 हजार तक रहेगी। इसके बाद छात्रों को नहीं लिया जाएगा। अभी स्थिति = कोई मैरिट नहीं थी। मप्र के मूल निवासी शासकीय कॉलेज में प्रवेश लेते थे, उनकी फीस जमा हो जाती थी।

स्कीम में संशोधन से 7.5 करोड़ का भार

स्कीम में संशोधन के बाद राज्य सरकार पर तकरीबन 7.5 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। अभी स्कीम में शामिल स्टूडेंट ?स की सालाना 150 से 160 करोड़ रु. से अधिक फीस भरी जाती है।

इसमें कोई बदलाव नहीं

मेधावी विद्यार्थी योजना में कुछ प्रावधान पूर्व की तरह ही रहेंगे। इसमें मप्र का मूल निवासी होना, एमपी बोर्ड में 12वीं की परीक्षा में 70प्रश या इससे अधिक अंक, सीबीएसई-आईसीएसई में 85त्न या इससे अधिक अंक आदि लागू रहेंगे। जेईई-मेंस में रैंक की मैरिट 1 लाख 50 हजार तक रहेगी। सरकारी कॉलेज की पूरी फीस भरी जाएगी, जबकि निजी कॉलेज की 1 लाख 50 हजार तक या वास्तविक फीस जो भी दी जाएगी।

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में पेश किया ओबीसी का डाटा

जल्द हो सकता है फैसला, 16 अगस्त को होगी सुनवाई

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट के निर्देश पर ओबीसी का डाटा पेश कर दिया है। इस रिकार्ड के आधार पर आगे दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने जनसंख्या का डेटा प्रस्तुत किया था। जिसके बाद शिवराज सरकार ने प्रतिनिधित्व का डेटा पेश किया।उक्त डेटा में कुल स्वीकृत पदो की संख्या 3,21,944 में से ओबीसी वर्ग को मात्र 43,978 पद अर्थात 13.66त्न आरक्षित बताया गया है। यह डेटा हाईकोर्ट में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अभी पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया जाना शेष है। लेकिन कोर्ट में पेश किए गए आंकड़ों को लेकर ओबीसी संयुक्त मोर्चा ने आपत्ति जताई है। पदाधिकारी ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की संख्या गलत बताई गई हैं। रिपोर्ट में निगम मंडल, निकाय कर्मचारियों को नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने मांग की है कि नए सिरे से ओबीसी कर्मचारियों की गणना हो। जानकारी के अनुसार एमपी में 1994 से पहली बार ओबीसी को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। लेकिन तत्कालीन कमलनाथ ने कांग्रेस सरकार में इसे 27 प्रतिशत कर दिया था। और बादमे हाईकोर्ट में कई याचिकाएं लगाई गई। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित कई मामले विचाराधीन हैं। साथ ही 16 अगस्त 2022 को फाइनल सुनवाई के लिए नियत की गई है। बता दें कि 1 अगस्त 2022 को प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की युगलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए निर्धारित था।

सिंगरौली की डिप्टी कलेक्टर 11 अगस्त को केबीसी की हॉटसीट पर नजर आएंगी

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ की चर्चा हो रही है। वजह उनका च्कौन बनेगा करोड़पतिज् में आना है। 11 अगस्त को महानायक अमिताभ बच्चन के साथ वह केबीसी की हॉटसीट पर नजर आएंगी। चैनल की ओर से दिखाए गए इसके प्रोमो में बिग बी महिला अफसर के आगे का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए नजर आए। वह अपनी सीट से खड़े होकर हाथ जोड़कर सिर झुकाते हुए कहते हैं- आप तो सरकार हैं। हंसती हुई डीसी कहती हैं कि नहीं आप सरकार हैं। केबीसी का ये पूरा एपीसोड शूट हो गया है, जिसका प्रसारण 11 अगस्त को होगा।सिंगरौली जिले की डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ 11 अगस्त को टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में नजर आएंगी। वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हॉटशीट पर बैठकर उनके प्रश्नों का जवाब देंगी। कार्यक्रम की शूटिंग पिछले सप्ताह पूरी कर ली गई है। 11 अगस्त को टीवी पर इस शो का प्रसारण किया जाएगा।

संपदा ने कहा- अमिताभ ने बढ़ाया हौसला

सिंगरौली जिले में पदस्थ संपदा सर्राफ ने बताया कि केबीसी के सेट पर महानायक से मिलने का जो अवसर मिला है उससे वह काफी अभिभूत है उन्होंने बताया की अमिताभ बच्चन बहुत ही सहज है उन्होंने केबीसी खेल में उनका उत्साह बढ़ाया। डिप्टी कलेक्टर ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके जीवन अलग अनुभव है। उसे वह कभी भुला नहीं सकेंगी। सुपर स्टार अमिताभ बच्चन से मिलने और उनसे बातचीत करने का मौका मिला। केबीसी कार्यक्रम में उन्हें देश देखेगा। इसको लेकर भी वह काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि हॉट सीट तक पहुंचना वाकई बहुत कठिन सफर है। फास्टर फिंगर फास्ट में पहुंचने वाले सभी प्रतिभागी टैलेंटेड होते हैं उनके सामने खुद के टैलेंट को दिखाते हुए आगे बढ़ना और हॉट सीट पर पहुंचना सहज नहीं होता है।डिप्टी कलेक्टर संपदा सर्राफ का केबीसी के लिए चयन के बाद पहले भोपाल में ऑडिशन हुआ उसके बाद में उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई बुलाया गया। अमिताभ बच्चन के सामने हॉट शीट पर बैठकर सवालों व जवाबों पर आधारित कार्यक्रम की शूटिंग पूरी हो गई है। अब 11 अगस्त को इसका टीवी पर प्रसारण होगा।

ED, GST, महंगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, बीजेपी ने कहा जनता का ध्यान भटकाने के लिए किया ढोंग

भोपाल,यशभारत। राजधानी दिल्ली में महंगाई, ईडी, जीएसटी और बेरोजगारी जैसे तमाम कई मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसदों को राष्ट्रपति भवन जाने से रोक दिया गया। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पुलिस ने अपना हिरासत में ले लिया है। जिसके बाद कांग्रेस के कई सांसदों ने सड़क पर ही धरना दे दिया है। इस प्रदर्शन का असर एमपी में भी देखने को मिला। भोपाल में भी महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना और रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर त्नस्ञ्ज बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन किया। रोशनपुरा चौराहे से पैदल मार्च करते हुए राजभवन का घेराव करने जाने लगे उसी बीच पुलिस ने उन्हें रोक दिया।इसके बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व केंद्रीय सुरेश पचौरी, क्रांतिलल भूरिया समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जिन्हें पुलिस ने हटा दिया। और कुछ देर प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता और कार्यकर्ता लौट गए। दरअसल कांग्रेस के आंदोलन के चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था लेकिन कांग्रेस राजभवन के घेराव करने पर अड़े हुए थे। बावजूद वे घेराव करने जा नहीं सके और करीब पौन घंटे के बाद आंदोलन खत्म हो गया। राजभवन के घेराव करने से रोकने पर कांग्रेस सड़क पर ही धरने पर बैठ गए थे। इस प्रदर्शन के बाद कैबनिट मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना किसी एजेंडे और बिना किसी मुद्दे के जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करती है।

खुद की फार्मेसी से मरीजों को सस्ती दरों पर दवा उपलब्ध कराएगा एम्स भोपाल

भोपाल,यशभारत। एम्स भोपाल में मरीजों को आसानी से और सस्ती दवाएं मिल सकें, इसके लिए खुद की फार्मेसी खोलकर यहां से मरीजों को दवाएं बेची जाएंगी। साथ ही अमृत फार्मेसी में दवा के लिए लंबी कतार को कम करने के लिए काउंटर बढ़ाए जाएंगे। यह बात एम्स भोपाल के नए कार्यपालक निदेशक प्रो. (डा.) अजय सिंह ने कही। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अस्पताल का दौरा किया। डा. सिंह ने ओपीडी, अमृत फार्मेसी, लैब आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थी, फेकल्टी, नर्सिंग स्टाफ और सभी विभागाध्यक्षों से मुलाकात की। स्तनपान सप्ताह के तहत चल रहे जागरूकता अभियान में भाग लिया और इसके लिए एक रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि डा. अजय सिंह लखनऊ में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में लंबे समय तक पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स के प्राध्यापक रहे हैं। अभी वह पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ चाइल्ड हेल्थ नोएडा में निदेशक के पद पर थे। डा. सरमन सिंह के सेवानिवृत होने के बाद नवंबर 2021 से एम्स भोपाल के निदेशक का प्रभार एम्स रायपुर के निदेशक डा. नितिन नागरकर संभाल रहे थे।

नए निदेशक के समक्ष यह हैं चुनौतियां

- एम्स में फैकल्टी के 305 पदों में से 80 खाली हैं।
- कुल 960 बिस्तर में से अभी 860 ही शुरू हो पाए हैं।
- हर साल चार-पांच फैकल्टी छो ?कर जा रहे हैं।
- एम्स में फेकल्टी के बीच गुटबाजी भी है।

बाघों की सुरक्षा और सुविधा के आधार पर तय होगी मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व की रैंक

भोपाल,यशभारत। प्रदेश के कान्हा, बांधवग?, पेंच, सतपड़ा, संजय दुबरी और पन्ना टाइगर रिजर्व का मैनेजमेंट इफेक्टिवनेस इवैल्युएशन (एमईई) सर्वे किया जा रहा है। इसमें पार्कों में बाघों की सुरक्षा, सुविधा और प्रबंधन के आधार पर रैंकिंग की जाएगी। सर्वे शुरू हो चुका है। इसमें देखा जा रहा है कि पार्कों में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। पिछला सर्वे वर्ष 2018 में हुआ था, जिसकी देशव्यापी रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसमें प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व और केरल के पेरियार पार्क को बराबर अंक मिले थे।

सर्वे में यह देखा जा रहा

सर्वे के दौरान देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने एनटीसीए को प्रबंधन प्लान भेजा है या नहीं। एनटीसीए की गाइड लाइन का कितना पालन किया जा रहा है। पार्क में बाघों के लिए पर्याप्त खाने और पानी का प्रबंध है या नहीं। बाघों की मौत की क्या स्थिति है। इसमें प्राकृतिक, आपसी लड़ाई, शिकार से कितनी मौत हुई हैं। बाघ कारीडोर और बाघ-मानव द्वंद की घटनाएं कितनी हो रही हैं और उसके कारण क्या हैं? पार्क में पर्यटन, पर्यटकों के लिए सुविधाएं और पर्यटकों के पांच साल के अनुभवों को भी सर्वे में शामिल किया गया है। यह भी देखा जा रहा है कि पार्क प्रबंधन ने अपनी ओर से बाघ प्रबंधन के क्या उपाय किए हैं।

पेंच को मिले थे 93.75 अंक

वर्ष 2018 में 50 पार्कों का सर्वे कराया गया था। इसमें से देश के 21 टाइगर रिजर्व की रैंकिंग जारी की गई थी। जिसमें पेंच टाइगर रिजर्व को सौ में से सबसे अधिक 93.75 अंक मिले थे। वहीं प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व को 92.97 और सतपु ?ा को 90.63 अंक मिले थे। जबकि 93.75 अंक लेकर केरल का पेरियार पार्क बराबर में रहा था। उल्लेखनीय है कि देश में वर्ष 2006 से एमईई सर्वे की शुरूआत हुई है, जो प्रत्येक चार साल में कराया जाता है।

लंबे समय से अटके पीएससी के परिणाम, विरोध में उतरे अभ्यर्थी, मुख्यालय को घेरा

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षाओं के परिणाम लगभग पिछले तीन साल से अटके हैं। ओबीसी आरक्षण को लेकर अब तक कोई निर्णय नहीं आया है। इसी कारण पीएससी परीक्षाओं के नतीजे घोषित नहीं कर रहा है। दरअसल नतीजों में देरी से परेशान अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। लगभग 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पीएससी मुख्यालय का घराव किया। जानकारी के अनुसार राज्यसेवा परीक्षा 2019 ,2020 और 2021 के नतीजे भी पीएससी ने घोषित नहीं किए हैं। और इसका मुख्य कारण 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर स्थिति साफ नहीं होना है। अभ्यर्थियों के अनुसार पीएससी की परीक्षाओं की तैयारी करने वाले और भाग लेने वाले ज्यादातर विद्यार्थी इंदौर से बाहर के हैं। मध्यमवर्गीय परिवारों के ये अभ्यर्थियों के पढ़ाई का खर्च अब घरवालों ने भेजना भी बंद कर दिया है। लेकिन पीएससी रिजल्ट नहीं दे रही। इसके कारण कई अभ्यर्थी आयुसीमा से बाहर रहें हैं या मेडिकली अनफिट। बता दें कि शुक्रवार सुबह करीब 11.30 बजे भंवरकुआ भोलाराम उस्ताद मार्ग से 500 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर पीएससी मुख्यालय का घेराव किया।

हर घर तिरंगा अभियान

प्रशासन के आला अफसरों ने तिरंगा रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक

जबलपुर, यशभारत। आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। इसी के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन के आला अफसरों ने शुक्रवार को तिरंगा रैली निकालकर लोगों से इस महाभियान का हिस्सा बनने के लिए आह्वान किया।जनजागरूकता अभियानों की कड़ी में वित्त विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने कलेक्टर कार्यालय से वाणिज्यिक कर कार्यालय तक हाथों में तिरंगा लेकर पैदल मार्च किया।

इस पैदल मार्च का शुभारंभ कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी ने हाथ में तिरंगा थाम कर किया। कलेक्टर ने लोगों से आह्वान किया कि वे प्रशासन की ओर से बनवाए गए वितरण केंद्र से तिरंगा लें या बाजार में कहीं से भी, लेकिन 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों-दुकानों में झंडा फहराएं जरूर। क्योंकि यह तिरंगा महज ध्वज नहीं, हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। इससे कुछ देर पहले ही कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी तिरंगा-रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सभी नागरिकों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया। अपर कलेक्टर विमलेश सिंह, संयुक्त कलेक्टर कलावती ब्यारे, डिप्टी कलेक्टर मेघा पवार एवं डिप्टी कलेक्टर सृष्टि प्रजापति की अगुवाई में पहली रैली निकाली गई। इस रैली ने वंदेमातरम और भारत माता की जयघोष के साथ कलेक्ट्रेट परिसर के भीतर और परिसर के बाहर की मुख्य सड़क मार्ग का भ्रमण किया।

जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष ने खरीदे दो ध्वज

तिरंगा अभियान को लेकर आयोजित बैठक में हिस्सा लेने के लिए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष डा. जितेंद्र जामदार ने भी कलेक्टर कार्यालय में ही स्थापित विक्रय केंद्र से दो तिरंगे झंडे क्रय किए। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट में ही स्थापित तिरंगा सेल्फी कार्नर पर गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने भी फोटो खिंचवाई।

होमसाइंस कालेज में जागरूकता अभियान

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा फहराने का अभियान अत्यंत जोश के साथ पूरे देश में मनाया जा रहा है। इसी क?ी में होम साइंस कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 25 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पूजा परमार प्रथम, मुस्कान जैन द्वितीय और सोनम शुक्ला तृतीय स्थान पर रहीं। इसके साथ ही महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कालेज में सेल्फी विथ तिरंगा अभियान सतत जारी है, ताकि देश के युवा नए जोश के साथ स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए तत्पर रहें।

इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर जेम्स ने दिए 500 झंडे

आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत् इनरव्हील क्लब ऑफ जबलपुर 'जेम्स' द्वारा जिला प्रशासन मंडला को 500 झंडे, तिरंगे से बनी कैप्स एवम् मास्क दिए गए। ये झंडे बीजाडांडी में बीईओ संजय सप्रे, थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन एवं सीडीपीओ मनीषा तिवारी की उपस्थिति में क्लब की अध्यक्ष सिमरन सक्सेना द्वारा दिए गए। क्लब की अध्यक्ष सिमरन सक्सेना ने बताया की झंडे कमजोर एवम् असहाय वर्ग की महिलाओं द्वारा बनाए गए थे तो इस पावन पर्व पर उनकी भी मदद करते हुए, उनसे खरीदकर गरीब, पिछड़ा वर्ग, बेगा आदिवासी के घरों में लगाने के लिए बीजाडांडी प्रशासन को दिया गया हे।इस कार्य के इनर व्हील क्लब की सदस्य मनीषा तिवारी सीडीपीओ का बहुत सहयोग एवम योगदान रहा। थाना प्रभारी श्री राजेंद्र बर्मन और बीईओ श्री संजय सप्रे जी ने क्लब अध्यक्ष सिमरन सक्सेना एवम इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर जेम्स की इस सामाजिक पुण्य एवम् देशभक्ति कार्य की बहुत तारीफ की। इस अवसर पर पूजा दुबे, शिवानी परिहार, सीमा साहू, विनीता तिवारी, राज शीना, डी. के. सक्सेना, पियूष दुबे, निर्मल सिंह परिहार आदि और बीजाडांडी की काफी महिलाएं, स्कूली बच्चे शामिल हुए।

अमृत महोत्सव मनाना है घर-घर तिरंगा फहराना हैं

जनेकृविवि में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा तिरंगा जागरूकता रैली आयोजित

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन की सद्प्रेरणा व मार्गदर्शन में कृषि महाविद्यालय जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना, जबलपुर द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव अन्तर्गत घर-घर तिरंगा अभियान हेतु जागरूकता रैली आयोजित की गई। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए. के. सरावगी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा द्वारा झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर, सुहागी, कृषि नगर होते हुये कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में समापन हुआ। इस दौरान डॉ. ए. के. सरावगी ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत विश्वविद्यालय के प्रत्येक शासकीय भवन एवं घर-घर में तिरंगा के सम्मान हेतु तिरंगा फहराया जायेगा। जो प्रत्येक भारतीय को देश व उसके सम्मान हेतु महत्वपूर्ण कार्य है।राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ. दिनेश सिंह, वैज्ञानिक एवं डॉ. अर्चना पांडे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि तिरंगा के घर-घर में पूरी शान, सम्मान से तिरंगा लहराने एवं फहराने व जागरूकता हेतु यह तिरंगा रैली आयोजित की गई है एवं जागरूकता कार्यक्रम सतत् जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में डॉ. रश्मि शुक्ला, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं केवीके प्रमुख जबलपुर, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. निहारिका शुक्ला, डॉ. पूजा चतुर्वेदी, डॉ. यतिराज खरे, डॉ. अमित झा, डॉ. मनोज पाठक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही ।।

गणपति विवाह में भक्तों ने गाये बधाई गीत

महा शिवपुराण में बह रही आस्था की गंगा, चहुंओर बम भोले का जयघोष

जबलपुर, यशभारत। शिव पार्वती के लाडले सुपुत्र भगवान गणेश के विवाह समारोह में भक्तों ने बधाई गीत गाकर झूमकर नृत्य किया। अवसर था जीसीएफ इस्टेट स्थित आदि पराशक्ति काली मंदिर में आयोजित महाशिवपुराण एवं अंसख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण के भव्य आयोजन का। सुविख्यात कथा व्यास प्रियदर्शिनी दीदी ने आज की कथा में गणपति विवाह का अत्यंत माधुर्यपूर्ण वर्णन किया। दीदी जी की प्रभावशाली शैली का ही कमाल था कि कथा के दौरान पंडाल में उपस्थित भक्तजन भाव विभोर हो गए। कथा व्यास दीदी जी ने इसी क्रम में त्रिपुरासुर और तारकासुर के वध की घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जगत को अत्याचार और अन्याय से बचाने के लिए इन असुरों का अंत अत्यंत अनिवार्य हो गया था। आज की कथा के माधुर्य से भक्तगण ओतप्रोत हो गए। सम्पूर्ण सृष्टि में भगवान शंकर अपने अनेकानेक रूपों में विद्यमान हैं और उनका हर रूप निराला है। आज पार्थिव शिवलिंग निर्माण के क्रम में अंसख्य नर-नारियों ने भगवान भूतभावन के पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया और अपने मनोरथ पूर्ण करने का आग्रह किया। पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भक्तों का उत्साह दिन पर दिन ब?ता जा रहा है। इसी क्रम में नित्य की तरह आचार्यगणों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का सम्पूर्ण विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया गया। आयोजन की शनिवार की श्रंखला में कथा व्यास प्रियदर्शिनी दीदी द्वारा शालिग्राम प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। इसी क्रम में, शंखचू? और तुलसी पर भी बात होगी।आज के

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आज शिवमहापुराण की कथा में चंद्रपाल यादव,कैलाश यादव,रामकुमार यादव,रामगोपाल दीक्षित ,शंकरलाल मिश्रा,लक्ष्मीनारायण संज्ञा,सरंक्षक पंडित राहुल दीक्षितसंयोजक मनु महाराज उपाचार्य प्रतीक तिवारी ,हर्षवर्धन मिश्रा ,मीनाक्षी मिश्रा, कीर्ति तिवारी,गोविंद तिवारी,कार्तिक तिवारी,शिवनारायण उपध्याय, पं अटल शास्त्री, माया इंदु तिवारी,चंद्रेश दुबे,सरिता दुबे,अंकित दुबे,अनिल तिवारी ,संगीता मैडम,अमर मिश्रा,अरविंद यादव की विशेष उपस्थिति व सहयोग रहा।।

नूरानी सरकार का शाही संदल आज

जबलपुर। हिन्दू- मुस्लिम कौमी एकता की मिशाल बन चुके ज्योति नगर गढ़ा के विक्की पहलवान के इमामबाड़े में प्रति वषानज़ुसार इस वर्ष भी मोहरज़्म की । तारीख शनिवार को गाजी पीर हजरत सैयद नूरानी शेरूद्दीन नूरुद्दीन शहंशाह वली सरकार का गुलबपोशी के साथ शाही संदल शाम 7 बजे से किया जाएगा। आयोजन हाजी इम्तियाज अली की सरपरस्ती में होगा। शाही संदल के बाद लंगर का एहतिमाम भी किया गया है। बेड़े के पंडित मुकेश दुबे, सनी,पीयूष, अनवर, शौकत, आतिफ आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी गाड़ियों में अस्थाई रूप से कोच बढ़ाये

जबलपुर यश भारत। रेल प्रशासन के द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात एवं प्रतीक्षा सूचि को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे है। इसी कड़ी में पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी गाड़ियों में अस्थाई रूप से कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

इन ट्रेनों में लगेगा अतिरिक्त कोच

1) गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 05.08.2022 से 31.08.2022 तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 06.08.2022 से 01.09.2022 तक 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का अस्थाई तौर से कोच लगाया जा रहा है। 2) गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 08.08.2022 से 31.08.2022 तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 10.08.2022 से 02.09.2022 तक 01 शयनयान श्रेणी का अस्थाई तौर से कोच लगाया जा रहा है। 3) गाड़ी संख्या 12854 दुर्ग-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 05.08.2022 से 31.08.2022 तक तथा वापसी में गाड़ी संख्या 12853 भोपाल-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन में दिनांक 06.08.2022 से 01.09.2022 तक 01 शयनयान श्रेणी का अस्थाई तौर से कोच लगाया जा रहा है।

अनेक मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने किया प्रदर्शन

जबलपुर यश भारत। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के आवाहन पर मझौली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिलीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में मंहगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना एवं खाद्य पदार्थों पर जी एस टी के विरोध में प्रदर्शन किया गया।एवम महात्मा गांधी के छाया चित्र पर एवम मझौली कटंगी विधानसभा के पूर्व विधायक एक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वतंत्रा सेनानी द्वारका प्रसाद मिश्रा के छाया चित्र पर

माल्यार्पण कर सत्याग्रह किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित पाटन विधानसभा के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी,सिहोरा विधानसभा के पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया मझौली के नवनिरावचित कांग्रेस के सभी पार्षद बबलू पंडा,पराग दीप, बबलू खान,मोनू,एवम किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गुलाब यादव, मनोज तिवारी,विधानसभा अध्यक्ष आभास दुबे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष पटेल,प्रशांत मिश्रा,सोनू चौधरी,संस्कार तिवारी सभी के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं युवा कांग्रेस के सभी नेता उपस्थित हुए।

नागपुर मण्डल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रीवा-इतवारी-रीवा ट्रेन निरस्त

जबलपुर यश भारत। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मण्डल में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कुछ गा?ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी ।गाड़ी संख्या 11754 रीवा से इतवारी एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनाँक 08.08.2022,10.08.2022 एवं 13.08.2022 तथा वापसी में गाड़ी संख्या 11753 इतवारी से रीवा एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन इतवारी से दिनाँक 09.08.2022,11.08.2022 एवं 14.08.2022 को निरस्त रहेगी । रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करे।

प्रदेश की बेटी भावना 15 अगस्त को यूरोप के माउंट एल्ब्रुस की चोटी पर फहराएंगी तिरंगा

जबलपुर, यशभारत। दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह कर मध्यप्रदेश का नाम दुनिया में रोशन करने वाली भावना डेहरिया अब 15 अगस्त को यूरोप की सबसे ऊंची शिखर माउंट एल्ब्रुस रूस (ऊंचाई 18,510 फीट) पर तिरंगा फहराएंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने भावना को सहयोग किया है। एएमडी श्री विवेक श्रोत्रिय ने पर्वतारोही भावना को राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर सफल होने की शुभकामनाएं दी। हर घर तिरंगा अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और लोगों में फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाने की बात भी कही।

एएमडी विवेक श्रोत्रिय ने पर्वतारोही भावना को राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर दी शुभकामनाएं

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर एवं प्रमुख सचिव पर्यटन विभाग व प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में छिंदवाड़ा जिले के तामिया गांव की पर्वतारोही भावना मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के कार्यालय पहुंची।डिप्टी डायरेक्टर एडवेंचर व फिल्म श्री उमाकांत चौधरी ने भी भावना को शुभकामनाएं दी। श्री चौधरी ने बताया कि, टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश में एडवेंचर और ट्रेकिंग के प्रति युवाओं में आकर्षण बढ़ाने हेतु इस तरह के प्रयासों में सहयोग किया जा रहा है। पर्वतारोही भावना 22 मई 2019 को माउंट एवरेस्ट के शिखर पर फतेह हासिल करने वाली प्रदेश की चुनिंदा महिलाओं में से एक है। साल 2019 में दीपावली के दिन अफ्रीका महाद्वीप का माउंट किलिमंजारो और होली के दिन ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का माउंट कोजिअस्को के सबसे ऊंचे शिखर पर फतह हासिल कर भारत का परचम दुनिया भर में लहराया था।

जिला स्तरीय अंडर 23 सीनियर कुश्ती चयन प्रतियोगिता कल

जबलपुर, यशभारत। ऑलम्पिक शैली की अंडर 23 वर्षीय (सीनियर) कुश्ती प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला) की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी सप्ताह में आयोजित होने जा रही है। इस हेतु जबलपुर जिला स्तरीय कुश्ती चथन प्रतियोगिता 07 अगस्त रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. वि. जगदीश मंदिर गढाफाटक में संचालित कुश्ती प्रशिक्षण केन्द्र में अपरान्ह 3.00 बजे से आयोजित होने जा रही है। सचिव म.प्र. एमो. कुश्ती संघ के निर्देशानुसार पहलवानों की आयु का निर्धारण हेतु जन्म, वर्ष सन 1999 से 2003 सुनिश्चित किया गया है, साथ ही यदि सन 2004 के जन्म वाले प्रतिभागी भाग लेना चाहते है तो उन्हें मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ अपने बालक का अनुमति प्रमाण पत्र (ओरिजनल) प्रस्तुत करना होगा। उम्र के सत्यापन के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को अपना ओरिजनल आधार कार्ड, शासकीय अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आयोजन समिति के सम्मुख प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इन दस्तावेजों की फोटोकापी व मोबाईल में संकलित प्रमाण मान्य नहीं है। जिला टीम से चयनित राज्य प्रतियोगिता के प्रत्येक प्रतिभागी को 200/- रू. एंट्री फीस जमा करना होगा। चयन प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रतियोगियों के दस्तावेजों की जाँच के साथ उनका वजन लिया जायेगा। तत्पश्चात प्रतियोगिता आरंभ होगी। वजन श्रेणी का निर्धारण इस प्रकार है- पुरूष फी इस्टाईल-57, 61. 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 एवं 125 किग्रा. ग्रीको रोमन-55, 60, 63, 67, 72, 77 82 87, 97 एवं 130 किग्रा. महिला फी इस्टाईल - 50,53, 55,57,59,62,65, 68, 72 एवं 76 किया, राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता दि. 12 से 14 अगस्त 2022 तक बदनावर, धार (म.प्र.) में आयोजित होगी।

मुस्लिम समाज ने निकाली तिरंगा जनसंदेश यात्रा

गाडरवारा (यश भारत)आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर जामा मस्जिद कमेटी द्वारा तिरंगा संदेश यात्रा निकाली गईद्य मुस्लिम समाज के लोग हाथों में तिरंगा झंडा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे हर मन तिरंगा हर-घर तिरंगा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के गगनभेदी नारों के साथ शुक्रवारा बाजार जामा मस्जिद परिसर से तिरंगा जन संदेश यात्रा प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गों से होती हुई शक्ति चौक पहुंची ।देश की स्वतंत्रता और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वालों और अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जा रहा है उसे सफल बनाने के लिए तिरंगा जनसंदेश यात्रा के दौरान लोगों से अपील की गई द्य मुस्लिम समाज ने तिरंगा संदेश यात्रा

निकालकर राष्ट्रीय भावना का परिचय देते हुए सभी लोगों से अपील की है कि अपने अपने घरों पर तिरंगा फहराकर आजादी का अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाएं द्य. तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने मुस्लिम जमात एवं नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की पुरजोर अपील की है इस मौके पर पुलिस बल भी मौजूद रहा।

कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह ने जिले में किये जा रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में की। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में घरेलू नल कनेक्शन की जानकारी ली। कलेक्टर को अवगत कराया गया कि जिले में 2 लाख 38 हजार 44 परिवार हैं, इनमें से एक लाख 36 हजार 375 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिये जा चुके हैं, जो लक्ष्य का 57.29 प्रतिशत है। कलेक्टर ने आगामी सितम्बर तक शेष लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में स्थापित हैंडपम्पों एवं उनमें क्लोरीनेशन की जानकारी ली। उप यंत्री एचएस सलामे ने बताया कि उन्होंने 1300 हैंडपम्पों और उप यंत्री सुनील कुमार परतेती ने 1200 हैंडपम्पों में क्लोरीनेशन किया है। जिले के सभी जल स्रोतों के क्लोरीनेशन का कार्य भी लगातार किया जावे। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले में स्थापित सभी जल स्रोतों के जल का परीक्षण प्रयोगशाला में निरंतर किया जाये, ताकि कहीं पर भी जल जनित बीमारी नहीं हो। बैठक में बताया गया कि जिले में ऐसे 17 ग्राम हैं, जहां एमएस स्ट्रेक्चर के लिए उपयुक्त स्थल नहीं है। साथ ही सहायक यंत्री ने बताया कि जिले की 90 योजनाओं में से 55 पूर्ण हो चुकी हैं और 5 योजनाओं का कार्य प्रगति पर है। 250 आबादी वाले ग्राम पीएचई की मैकेनिकल यूनिट को आवंटित किये गये थे।

जिले में जगह- जगह निकल रही तिरंगा यात्रा

नरसिंहपुर यभाप्र। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश एवं प्रदेश के साथ-साथ जिले में मनाया जा रहा है। इस दौरान जिले में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इसमें सभी नागरिकों को जोड़ने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिले में जगह-जगह तिरंगा यात्रायें निकाली जा रही हैं। तिरंगा यात्राओं से लोगों में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता और देशभक्ति की भावना बढ़ रही है। कलेक्टर रोहित सिंह न केवल स्वयं तिरंगा यात्रा में पैदल शामिल हो रहे हैं, बल्कि तिरंगा यात्रा में शामिल होने वालों का उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। कलेक्टर तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों से वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारे भी उत्साह के साथ लगवा रहे हैं। लोग पूरे जोश के साथ देशभक्तिपूर्ण के नारे लगा रहे हैं।इसी क्रम में पराडकर नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर खैरीनाका से पैदल रैली निकाली। यह रैली गुलाब चौराहा, गांधी चौक से होते हुए नगर पालिका चौराहा पहुंची। इसके साथ चौधरी रामचरण साहू नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने भी पीजी कॉलेज के सामने से हाथों में तिरंगा लेकर पैदल रैली निकाली, जो नगर पालिका चौराहे पर पराडकर नर्सिंग कॉलेज की रैली में शामिल हुई। कलेक्टर इस रैली में शामिल हुए। इसके बाद यह पैदल तिरंगा रैली नगर पालिका चौराहे से आशीष हॉस्पिटल के सामने से होते हुए सदर मढ़िया पहुंची। तत्पश्चात यह तिरंगा रैली धनारे कॉलोनी से वापस सुभाष पार्क चौराहा पर समाप्त हुई। रैली में शामिल छात्र- छात्राओं ने राष्ट्रप्रेम से संबंधित प्रेरक नारे लगाये। हर घर तिरंगा अभियान के तहत एमआईएमटी कॉलेज से बाइक तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह को एनसीसी की कैप पहनाकर स्वागत किया गया। यहां कलेक्टर ने कहा कि एकता एवं अनुशासन एनसीसी का ध्येय का वाक्य है। विद्यार्थी एवं कैडेट इसे अपने जीवन में उतारें। साथ ही देश की संप्रभुता, एकता व अखंडता अक्षुण्ण बनी रहे, इसके लिए सदैव प्रयासरत रहें। जो भी दायित्व मिलेंए उनका पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। कलेक्टर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का संदेश जन- जन तक पहुंचाने के लिए एक अगस्त से ही जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। 9 अगस्त से इन गतिविधियों को सघन कर आजादी सप्ताह मनाया जायेगा, इन्हें 11 से 17 अगस्त तक सघनतम किया जायेगा। इस दौरान नित नये नूतन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में समाज के हर तबके और व्यक्ति को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन पदकों की बारिश

बर्मिंघम,एजेंसी। भारत के लिए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आठवां दिन पदकों कि बारिश लेकर आया। आठवें दिन कुश्ती की शुरुआत हुई और भारत के कई दिग्गज एथलीट्स इसमें दांव-पेंच लगाने के लिए मैट पर उतरे। भारतीय फैंस को शुक्रवार को पदक आने की उम्मीद तो थी, लेकिन सिर्फ पदक आए नहीं, बल्कि पदकों की बारिश हुई। भारत ने शुक्रवार तीन स्वर्ण, एक और दो कांस्य समेत कुश्ती में कुल छह पदक जीते। इससे भारत के कुल पदकों की संख्या 26 पहुंच गई है। पदक तालिका में भारतीय टीम फिलहाल पांचवें नंबर पर है।

भारत ने कुश्ती में 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य जीते, मनिका बत्रा और महिला हॉकी टीम हारी



अंशु मलिक, दीपक पूनिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक

हालांकि, आठवें दिन भारत के लिए कुछ निराशाजनक नतीजे भी सामने आए। 2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स की चैंपियन रहीं टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। इससे एक स्वर्ण की उम्मीदों को झटका लगा है। वहीं, भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हार गई। अब महिला हॉकी टीम कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड की टीम से भिड़ेगी।

अब तक मिले पदक

9 स्वर्ण: मीराबाई चानू, जेरेमी लालरिनुंगा, अंचिता शेउली, महिला लॉन बॉल टीम, टेबल टेनिस पुरुष टीम, सुधीर (पावर लिफ्टिंग), बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, दीपक पूनिया।
8 रजत: संकेत सरगरी, बिंदियारानी देवी, सुशीला देवी, विकास ठाकुर, भारतीय बैडमिंटन टीम, तूलिका मान, मुरली श्रीशंकर, अंशु मलिक। 9 कांस्य: गुरुराजा पुजारी, विजय कुमार यादव, हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, सौरव घोषाल, गुरदीप सिंह, तेजस्विन शंकर, दिव्या काकरन, मोहित ग्रेवाल।

आठवें दिन भारत का प्रदर्शन

पहलवान बजरंग ने दिखाया बल, जीता सोना
पहलवान साक्षी मलिक ने रचा इतिहास, स्वर्ण पदक अपने नाम किया
पहलवान दीपक पूनिया ने पाकिस्तानी पहलवान को चित कर जीता स्वर्ण
पहलवान अंशु मलिक ने जीता रजत पदक
पहलवान दिव्या काकरन ने जीता कांस्य
पहलवान मोहित ग्रेवाल ने भी कांस्य पदक जीता
2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा बाहर
हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं
भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी

भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना का मेडल पक्का

भारतीय रिले टीम फाइनल में
शरत कमल प्री- क्वार्टर फाइनल में पहुंचे
लॉन बॉल्स में भारत फाइनल में पहुंचा

बजरंग ने दिखाया बल, जीता सोना

भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग में कनाडा के लचलान मैकनिल को 9-2 से हराया। भारत का बर्मिंघम में कुश्ती में यह पहला स्वर्ण पदक रहा। इसके बाद तो स्वर्ण की झड़ी लग गई। बजरंग ने इससे पहले 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण जीता था। वहीं, 2014 में उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया था।

दीपक पूनिया ने पाकिस्तान के पहलवान को चित किया

दीपक पूनिया ने भारत को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक का सबसे यादगार स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने फ्रीस्टाइल 86 किग्रा वर्ग में पाकिस्तान के मोहम्मद इनाम को हरा दिया। इनाम के खिलाफ पूनिया ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने पाकिस्तानी पहलवान को एक भी मौका नहीं दिया। दीपक ने यह मैच 3-0 से अपने नाम कर लिया। यह राष्ट्रमंडल खेलों में दीपक पूनिया का पहला पदक है। इस तरह भारत को कुश्ती में तीसरा स्वर्ण मिला।

अंशु मलिक ने जीता रजत पदक

भारत की पहलवान अंशु मलिक को फ्रीस्टाइल

57 किग्रा वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्हें फाइनल में नाइजीरिया की ओडानायो फोलासाडो ने 7-3 से हराया। ओडानायो ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण जीता। वहीं, अंशु को अपने पहले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत से संतोष करना पड़ा। हार के बाद मैट पर अंशु भावुक हो गई थीं और रोने भी लगी थीं। हालांकि, उन्होंने देश को गर्व करने का मौका दिया।

दिव्या काकरन ने जीता कांस्य

2018 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता दिव्या काकरन बर्मिंघम से भी खाली हाथ नहीं लौटेंगी। उन्होंने फ्रीस्टाइल 68 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक के मैच में टोंगा की लिली कॉकर को 2-0 से हराया। उन्होंने यह मैच सिर्फ 30 सेकंड में अपने नाम कर लिया। दिव्या ने एशियाई खेलों (2018) में भी कांस्य पदक जीता था।

मोहित ग्रेवाल ने भी कांस्य पदक जीता

भारतीय पहलवान मोहित ग्रेवाल ने फ्रीस्टाइल 125 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने जमैका के एरॉन जॉनसन को 6-0 से हरा दिया। कुश्ती में भारत का यह छठा पदक रहा। शुक्रवार को छह पहलवान उतरे और सभी ने देश को पदक दिलाया। इस तरह भारत के पदकों की संख्या 26 हो गई।

2018 कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा बाहर

2018 गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा महिला टेबल टेनिस के सिंगल्स मुकाबले में हारकर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गई हैं। डिफेंडिंग चैंपियन मनिका को सिंगापुर को जियान जेंग ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 4-0 से हरा दिया। सिंगापुर की खिलाड़ी ने मनिका को पहले गेम में 12-10, दूसरे गेम में 11-9, तीसरे गेम में 11-4 और चौथे गेम में 11-7 से हराया। इस तरह 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में महिला एकल की गोल्ड मेडलिस्ट मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में ही खत्म हो गया।

हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं

भारत की स्टार स्प्रिंटर हिमा दास 200 मीटर स्प्रिंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। उन्होंने सेमीफाइनल हीट को तीसरे स्थान पर रहकर खत्म किया। सेमीफाइनल में एक हीट से टॉप दो खिलाड़ी फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है। हिमा ने सेमीफाइनल में 23.42 सेकेंड का समय निकाला। इस तरह 200 मीटर स्प्रिंट में हिमा दास का सफर समाप्त हुआ।

महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में हारी

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिला हॉकी के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट 3-0 से हरा दिया। फुल टाइम के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा था। इस तरह मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा था। शूटआउट में दोनों टीमों को पांच-पांच प्रयास मिलते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआती तीनों गोल दागे, जबकि भारतीय टीम की ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं दाग सका।भारतीय टीम के पहले तीन प्रयासों में विफल रहने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत गई। अब महिला हॉकी के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड से भिड़ेगी। वहीं, भारतीय महिला टीम के लिए अभी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं। टीम इंडिया अब कांस्य पदक के लिए न्यूजीलैंड से रविवार को भिड़ेगी। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

भाविना का मेडल पक्का

पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल महिलाओं के ड्ढस् क्लास 3-5 इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सुई बुले को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया। अब वह स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।

भारतीय रिले टीम फाइनल में

भारतीय पुरुष टीम ने 4×400 मीटर रिले इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। क्वालिफइंग राउंड ग्रुप 2 में टीम इंडिया दूसरे नंबर पर रही। अपनी हीट को मो. अनस याहिया, निर्मल, अमोज जैकब और मो. वरियाथड़ी की चौक?ी ने 3.06.97 मिनट में पूरा किया।

टेबल टेनिस

शरत कमल प्री- क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

टेबल टेनिस में पुरुष एकल के मुकाबले में शरत कमल ने ऑस्ट्रेलिया के फिन लू को 4-0 के से हरा दिया। इसी के साथ शरत क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

मनिका और साथियान को मिली हार, शरत-श्रीजा सेमीफाइनल में पहुंचे

टेबल टेनिस के मिक्स्ड डबल्स में मनिका बत्रा और साथियान की जोड़ी हार गई। उन्हें मलेशिया की चूंग जवेन और लिन कारेन की जोड़ी ने 3-2 से हराया। भारतीय जोड़ी को 10-12, 11-9, 11-8, 7-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा।

वहीं, मिक्स्ड डबल्स के एक अन्य मुकाबले में शरत कमल और श्रीजा अकुला की जोड़ी ने इंग्लैंड की जोड़ी को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 11-7, 8-11, 11-8, 11-13, 11-9 से अपने नाम किया।

साक्षी मलिक ने रचा इतिहास

साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों में इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। साक्षी ने फ्रीस्टाइल 62 किग्रा वर्ग में कनाडा की एन्ना गोडिनेज गोंजालेज को हराया। साक्षी ने पहले विपक्षी खिलाड़ी को चित्त कर चार अंक हासिल किए। उसके बाद पिनबॉल से जीत हासिल की। साक्षी इससे पहले राष्ट्रमंडल खेलों में रजत (2014) और कांस्य पदक (2018) जीत चुकी थीं। साक्षी ने 4-0 पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। उन्होंने पहले स्कोर 4-4 से बराबर किया और फिर पिनफॉल से मैच जीत लिया। यह आठवें दिन का भारत को दूसरा स्वर्ण रहा।

100 से ज्यादा गानों को आवाज दे चुके हैं आदित्य नारायण

चार साल की उम्र में गाया था पहला गाना

मुंबई,एजेंसी। बॉलीवुड के मशहूर गायक उदित नारायण के बेटे अभिनेता आदित्य नारायण इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। बड़े पर्दे से लेकर छोटे पर्दे तक आदित्य हर जगह अपने हुनर का जादू बिखेर चुके हैं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्मों में नजर आने वाले आदित्य नारायण आज 35 साल के हो चुके हैं। आदित्य हर साल छह अगस्त को अपना जन्मदिन मनाते हैं। साल 1987 में आज ही के दिन मुंबई में जन्मे आदित्य आज एक बेहतरीन होस्ट के रूप में मशहूर हैं। अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर जानते हैं उनके जीवन से जुड़े कुछ दिलचस्प बातों के बारे में- आदित्य नारायण ने चार साल की छोटी सी उम्र में पहली बार गाना गाया था। हालांकि, उन्होंने पहली बार बतौर प्लेबैक सिंगर साल 1942 में गाना गाया। आदित्य ने एक नेपाली फिल्म मोहिनी के गाने को अपनी आवाज दी थी। इसके बाद साल 1995 में अभिनेता ने पहली बार अपने पिता उदित नारायण के साथ अकेले हम अकेले तुम फिल्म में गाना गाया था। इसके अलावा आदित्य नारायण ने आशा भोसले के गाए गाने रंगीला में भी कैमियो किया था। बतौर चाइल्ड आर्टिस आदित्य नारायण में 100 से ज्यादा गानों को अपनी आवाज दी। इतना ही नहीं उनके नाम से एक एल्बम भी रिलीज की गई थी। आदित्य की आवाज में उनके मशहूर गाने की बात करें तो 1996 में आई फिल्म मासूम का गाना छोटा बच्चा जान के आज भी काफी लेकप्रिय है। इस गाने के लिए एक्टर को बेस्ट चाइल्ड सिंगर का क्रिटिक्स अवार्ड मिला था। इसके अलावा आदित्य नारायण 16 भाषाओं में गाने गा चुके हैं ।

फिल्मों की बात करें तो आदित्य नारायण ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। कहा जाता है कि साल 1995 में सुभाष भाई ने पहली बार आदित्य को लिटिल वंडर्स ग्रुप में परफॉर्म करते देखा था। इसके बाद निर्देशक ने उन्हें अपनी फिल्म परदेस के लिए साइन किया था, जिसमें अभिनेता शाहरुख खान और महिमा चौधरी बतौर मुख्य कलाकार नजर आए थे। इसके बाद वह फिल्म जब प्यार किसी से होता है में भी नजर आए। हालांकि उन्होंने साल 2009 में आई फिल्म शापित से बतौर मुख्य कलाकार डेब्यू किया। विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित इस फिल्म के लिए आदित्य ने ना सिर्फ 4 गाने गाए थे, बल्कि उन्हें लिखा भी खुद ही था।

बिपाशा का ग्लैमरस लुक

मुंबई,एजेंसी। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज से लेकर टीवी कलाकारों तक की लंबी फैन फॉलोइंग होती है और फैंस अपने पसंदीदा कलाकारों के बारे में हर जानकारी रखना चाहते है। लोगों को एंटरटेनमेंट से जुड़ी खबरों के साथ ही सितारों की निजी जिंदगी के बारे में भी जानने की खासी उत्सुकता रहती है। सेलेब्स भी अपनी ट्रिप से लेकर अन्य खुशनुमा पलों तक की कई तस्वीरें आदि साझा करते रहते हैं। तो चलिए फोटोज ऑफ द डे के माध्यम से जानते हैं कि आज इसी सेलिब्रिटी ने क्या अपडेट दिया है। अभिनेत्री बिपाशा बसु इस समय अपनी प्रेग्नेंसी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं, हालांकि उन्होंने खुद इस बात की पुष्टि नहीं की है। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज नजर आ रहा है।

वापस आ रहा है कपिल शर्मा का शो

नए चेहरे आएंगे हंसाने, आपके पास भी है मौका

नई दिल्ली,एजेंसी। टीवी शो कपिल शर्मा शो काफी समय से नहीं आ रहा है। कपिल, विदेश में परफॉर्म करने गए हैं। उनके साथ शो की पूरी टीम गई है इसलिए शो को वहीं बंद करना पड़ा। हालांकि उसकी जगह चैनल पर इंडिया लाफ्टर चैलेंज आ रहा है जिसे अर्चना पूरण सिंह और शेखर सुमन जज कर रहे हैं। शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हालांकि कपिल शर्मा शो जितना उसे पसंद नहीं किया जा रहा है। अब कपिल के शो का इंतजार कर रहे फैंस के लिए गुड न्यूज है। शो अब वापस आ रहा है और दिलचस्प बात तो है कि इस बार शो में नए चेहरे नजर आएंगे।

क्या है अनाउंसमेंट

कपिल की टीम की तरफ से इंस्टाग्राम पर अनाउंसमेंट की गई है। सोशल मीडिया पर लिखा गया है, च्भारत का मोस्ट पॉपुलर शो कपिल शर्मा शो वापस आ रहा है और अब इस परिवार में नए सदस्य भी शामिल होंगे।इसका मतलब की अगर आपको भी इस शो में अपनी कॉमेडी के स्किलस दिखाने हैं तो इस शो के लिए ऑडिशन दे सकते हैं।

जूनियर एनटीआर की फिल्म में दिखाई देंगी जान्हवी कपूर?

मुंबई्एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की फिल्म गुड लक जैरी हाल ही में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर ऑन एयर हुई है और वह अभी भी इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं, लेकिन इसी बीच खबरें सामने आईं कि जान्हवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली हैं। वह च्आरआरआरज अभिनेता जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन पर नजर आएंगी। हालांकि कोई भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया था और अब एक्ट्रेस ने इस पूरे मामले पर खुद सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा- च्अगर मुझे जूनियर एनटीआर संग काम करने का मौका मिलता है तो ये गर्व की बात होगी, वह लेजेंड हैं। इसके आगे जान्हवी ने बताया कि उनके पास अभी तक साउथ की किसी फिल्म का ऑफर नहीं आया है। हालांकि एक्ट्रेस ने कहा उन्हें इंतजार कि साउथ का कोई कोई निर्देशक उन्हें अप्रोच करे। बता दें कि जान्हवी कपूर के पिता बोनी कपूर एक निर्माता के तौर पर पहले ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री में सक्रीय हैं, वहीं उनकी मां श्री देवी ने भी दक्षिण भारतीय सिनेमा से अपनी शुरुआत की थी।

उर्फी जावेद ने टॉपलेस होकर करवाया फोटोशूट, बालों से शरीर को ढंकती नजर आईं एक्ट्रेस

मुंबई एजेंसी। उर्फी जावेद आज एक जाना माना चेहरा बन चुकी हैं। उर्फी ये अच्छी तरह से जानती हैं कि उन्हें सुर्खियों में कैसे बने रहना है। उनके लुक हमेशा सोशल मीडिया पर तहलका मचा देते हैं। एक बार फिर ऐसा ही हुआ है। उर्फी का लेटेस्ट लुक देख हर किसी के होश उड़ गए। उर्फी के लेटेस्ट फोटोशूट में वे टॉपलेस नजर आ रही हैं। अपने अतरंगी ड्रेसिंग सेंस और बेबाक बयानबाजी को लेकर उर्फी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। एक्ट्रेस की ऐसी कोई फोटो और वीडियो नहीं होते हैं जो वायरल न हो। उर्फी के फैशन सेंस को देख लोग हैरान रह जाते हैं वहीं उर्फी के फैंस को उनके ये अंदाज काफी पसंद आते हैं।

उर्फी ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। इन



फोटोज में उर्फी टॉपलेस नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने शरीर को सिर्फ अपने बालों से ढंका है। उर्फी इस तरह की फोटोज शेयर किया करती हैं तो उनके फैंस को उनका ये अंदाज देख ज्यादा हैरानी नहीं हुई। उर्फी के इस लुक पर उनके फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। अपने अतरंगी फैशन के कारण उर्फी कई बार ट्रोलर्स के निशाने पर आ चुकी हैं। लेकिन एक्ट्रेस को इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता है। कौन उनके बारे में क्या सोचता है क्या कहता है इसका अब उन पर कोई असर नहीं होता है।

ट्रोलर्स कितना ही उर्फी को ट्रोल करें लेकिन उर्फी ने आज अपनी ऐसी पहचान बना ली है कि वे जहां भी खड़ी होती हैं वहां कैमरे खुद ब खुद उनकी तरफ दौड़े चले जाते हैं। बता दें कि उर्फी कुछ म्यूजिक वीडियोज में भी नजर आ चुकी हैं।

नशेड़ियों में विवाद पर हत्या

आरोपियों तक पहुंची पुलिस, गिरफ्तारी जल्द

जबलपुर यश भारत। गढ़ा थाना अंतर्गत मारुती मंडपम में आज शनिवार को चाकू से गला काटकर युवक की नृशंस हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है । अज्ञात आरोपियों ने युवक के साथ पहले तो जमकर मारपीट की और फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और जब इतने में भी हत्यारों का मन नहीं भरा तो युवक के सिर में पत्थर पटक कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया । वहीं, घटना के बाद रोते हुए मां ने कहा कि राजा और विशाल के साथ बेटा घूमता था। अब पुलिस मृतक के दोस्तों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। इस पूरी वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी का माहौल है तो वहीं पुलिस प्रशासन में हड़कंप की स्थिति है। प्रारंभिक जांच में युवक की जेब से गांजे की पुड़िया वरामद हुई है। मौके पर पहुंचे सीएसपी तुषार सिंग और पुलिस व एफएसएल टीम मामले की पड़ताल कर रहे है। गढ़ा थाना पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया की उजारपुरवा निवासी सौरभ बाल्मीकि उम्र 22 साल पिता मुन्ना बाल्मीकि की खून से लथपथ लाश गढ़ा मारुति मंडपम के पीछे नाले के किनारे बरामद की गई है आसपास पत्थर डले हुए हैं । पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

अधिक रक्तस्त्राव से तोड़ दिया दम

शुरुआती जांच में गढ़ा थाना पुलिस ने पाया है कि मृतक के शरीर से अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हुई है। मृतक के गले और पेट में धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक सौरभ पहले चौहानी में रहा करता था। अतिक्रमण हटने के दौरान उसका पूरा परिवार रानीताल उजारपुरवा में जाकर बस गया था। मृतक के परिवार में दो भाई और मां है।

दोस्तों के साथ निकला था घूमने

जानकारी के मुताबिक सौरभ बाल्मीकि कल सुबह अपने घर से दोस्तों के साथ निकला था। रात को जब घर नहीं आया तो उसके भाइयों ने आसपास उसे तलाश भी किया। आज सुबह चौहानी के पास सौरभ बाल्मिक का रक्तरंजित शव मिला है। पुलिस अब सौरभ वाल्मीकि के साथ रहने वाले उसके दोस्तों से पूछताछ करने में जुटी हुई है। सीएसपी तुषार सिंह ने बताया की शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

नशे का था आदी

अब तक की पूछताछ में यह बात सामने आई है कि मृतक सौरभ नशा करने का आदी था, बीती रात उसे कुछ लोगों के साथ क्षेत्र में देखा गया था। सौरभ किन लोगों के साथ में था एवं किस रंजिश के कारण उसकी हत्या की गई है, इसका पता लगाया जा रहा है।

राजा और विशाल ले गया था

वहीं, बेटे की मौत के बाद रोते हुए मां ने बताया कि वेटा कुछ काम नहीं करता था और घूमता ही रहता था। दोस्तों के साथ नशे की लत लग गई थी। उसके दोस्त राजा और विशाल उसे घुमाने ले गए थे। जिसके बाद फिर वह लड़के से नही मिली। पुलिस बेटे के दोस्तों को पकड़े उन्हें ही सब पता होगा।

वयस्क होने तक बाल निकेतन में रहेगी प्रेमी के साथ भागी किशोरी

हैबियस कार्पस याचिका पर हाईकोर्ट ने दिए निर्देश

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए पटाक्षेप कर दिया। मामला एक नाबालिग किशोरी के घर से लापता होने का था। जिसमें किशोरी घर से भागकर अपने प्रेमी के साथ रह रही थी। याचिका दायर किए जाने के बाद पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब कर अदालत में पेश किया। जहां किशोरी ने खुद को वयस्क बताते हुए पिता के साथ जाने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की डबल बेंच ने किशोरी को बाल निकेतन में रखने के निदेज़्श दिए हैं। अदालत ने किशोरी की जन्मतिथि का विवाद सुलझने और उसके वयस्क होने तक उसकी देखरेख की जिम्मेदारी बाल निकेतन अधीक्षक को सौंपी है।

अदालत ने कहा कि अधिकारी बालिका की वास्तविक जन्मतिथि पता लगाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। याचिकाकताज़ पिता को कहा गया कि वे परिस्थितयों में बदलाव होने पर पुन: कोटज़ की शरण ले सकते हैं। दरअसल संजीवनी नगर निवासी सब्जी विक्रेता की ओर से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई। कोर्ट को बताया गया कि उसकी पुत्री आठ जुलाई 2022 से घर से लापता है। उसे आशंका है कि गढ़ा निवासी हषज़ रजक उसे अगवा कर ले गया है और घर में बंधक बनाकर रखा हुआ है। इस बात की थाने में शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत के निर्देश पर सीएसपी गोरखपुर प्रतिष्ठा राठी और संजीवनी नगर थाना एसआई सरिता पटेल ने किशोरी को अदालत में पेश किया।

किशोरी ने कोर्ट को बताया कि वह हषज़ से ही विवाह करेगी। लेकिन उसके माता-पिता इसके लिए राजी नहीं हैं। इसलिए वह हर्ष के साथ चली गई थी। दोनों खुद थाने में प्रस्तुत हुए हैं। किशोरी ने कहा कि वह बालिग है और अपने पिता के साथ नहीं जाना चाहती। उसने दावा किया कि उसकी जन्मतिथि स्कूल के रिपोटज़ काडज़ के अनुसार 9 जुलाई 2004 है। दूसरी तरफयाचिकाकर्ता ने नगर निगम का प्रमाण पत्र पेश कर बतया कि किशोरी की जन्मतिथि 9 जुलाई 2006 है। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर अपहरण, दुष्कर्म के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगा दीं। इस विरोधाभास को देखते हुए कोटज़ ने किशोरी को बालनिकेतन भेजने के निर्देश देकर याचिका का पटाक्षेप कर दिया।

एम पी पीएससी ने 3 साल में नहीं दी एक भी नियुक्ति

मध्यप्रदेश सरकार के लिए यह शर्मिंदगी है : श्री तन्खा

जबलपुर यशभारत। लाखों बेरोजगारों की देश और तिरंगा के प्रति आस्था है। मगर उनकी आस्था मध्यप्रदेश के प्रति कहना कठिन है।क्योंकि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश लोकसेवा आयोग के माध्यम से एक भी चयनित युवा को नियुक्ति नहीं दी। यह प्रदेश सरकार के लिए शर्मिंदगी की बात है।यह युवाओं के साथ धोखा है।मेरा मानना है कि ऐसी सरकार को एक दिन भी सत्ता में रहने का कोई हक है और न कोई कारण है।यह प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने एक ट्वीट के माध्यम से दी है।उन्होंने नगर में हो रहे दो शपथ ग्रहण पर भी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री से कहा है कि ऐसी छोटी सोच से बचें। खंडित शपथ कहीं भी हो यह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

अस्पतालों की जांच के लिए सुबह-सुबह टीमों की दबिश

डॉक्टरों को पकड़ने पुलिस की 3 टीमें लगी

जबलपुर, यशभारत। दमोह नाका स्थित न्यू लाइफमल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में अग्नि हादसे के बाद अस्पताल संचालक और उसके साथी फरार है।

इधर हादसे के बाद निजी अस्पतालों की जांच लगातार जारी है, आज सुबह-सुबह जांच टीमों ने कई अस्पतालों में पहुंचकर जांच की। जांच से अस्पतालों में हड़कंप की स्थिति बनी थी। मालूम हो कि अग्नि हादसे के बाद से ही न्यू लाइफ अस्पताल के संचालक डॉक्टर सुरेश पटेल, डॉक्टर नीतिश गुप्ता,डॉक्टर संजय पटेल और डॉक्टर संतोष सोनी फरार थे। जिनकी लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उमरिया जिले से डॉक्टर संतोष सोनी को गिरफ्तार किया था। सीएसपी तुषार सिंह ने बताया कि डॉक्टर सुरेश पटेल, डॉक्टर निशित गुप्ता और डॉक्टर संजय पटेल पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, जिन्हें की लगातार तलाश किया जा रहा हैं। सभी फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित किया जा चुका है।

यह था घटनाक्रम

सोमवार की दोपहर को अस्पताल के बाहर रखें जनरेटर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद कुछ ही देर में आग समूचे अस्पताल में फैल जाती है। इस अग्नि हादसे में 8 लोग काल के गाल में समा गए हैं जबकि अभी भी कई ईलाजरत हैं। हादसे में फंसे लोगों की मदद करने की वजह प्रबंधन मौके से फरार हो गया था। तभी से जबलपुर पुलिस चारों ही डॉक्टरों की तलाश में जुटी थी।

अस्पतालों की जांच जारी

घटना के बाद शहर के अस्पतालों की जांच जारी है। डॉक्टरों की टीम अस्पतालों में पहुंचकर फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच कर रही है। अभी करीब 30 अस्पतालों का पंजीयन निरस्त हो चुका है। इधर न्यू लाइफ मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की इमारत में अवैध निमाज़्ण के मामले में दमोहनाका नगर निगम संभागीय कायाज़्लय में पदस्थ संभागीय यंत्री शैलेंद्र गौरव और उपयंत्री अक्षय सरावगी को सस्पेंड कर दिया गया है।

अधारताल में हजारों के जेवरात ले उड़े चोर

बीमार बच्चे को नर्सिंग होम देखने गई थी मां, एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के न्यू कंचनपुर में चोरों ने सूने मकान का कुंदा काटकर हजारों रुपयों के जेवरात और गैस सिलेंडर उड़ाकर रफूचक्कर हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पीड़िता अपने बच्चे की देखरेख करने नर्सिंग होम गई हुई थी। जब वापस आकर देखा तो सन्न रह गयी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि श्रीमती हर्षित 60 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा बीमारी के कारण नर्सिंग होम रामपुर में भर्ती है । जिसे देख रेख करने वह घर में ताला लगाकर गयी थी । जब घर वापस आकर देखा तो दरवाजे का कुंदा कटा था अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी के लॉकर में रखा सोने का मंगलसूत्र, 3 जोड़ी टाप्स, 2 अंगूठी, 1 चैन, 1 गैस सिलेण्डर, एवं जमीन की रजिस्ट्री गायब थी । कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

स्टेशन में शॉर्ट सर्किट से मची अफरा तफरी रेलवे हमला मौके पर पहुंचा

जबलपुर यश भारत। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6-00 के इंक्वायरी ऑफिस में आज दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकलने से आग लग गई इस घटना के बाद प्लेटफार्म नंबर 6 के यात्रियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई इंक्वायरी ऑफिस के पास खड़े रेलयात्री स्टेशन से बाहर निकल कर भागने लगे इस घटना की सूचना रेलवे अधिकारियों को लगते ही वह मौके पर पहुंचे और किसी तरह से आग पर काबू पाया गया उक्त घटना के बाद आरपीएफ जीआरपी टीम भी मौके पर पहुंच गई रेलवे सूत्रों ने बताया कि आंग से निकला धुआं पूरे प्लेटफार्म एवं प्रतीक्षालय में भर गया जिससे यात्रियों में काफी बेचैनी बढ़ गई जानकारों ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर 6 के पूछताछ काउंटर रोजाना की तरह सामान्य कार्य चल रहा था इसी दौरान वहां पर अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी निकलने लगी जिससे आग पकड़ ली और प्लेटफार्म में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया इस घटना से इंक्वायरी ऑफिस मैं कितना नुकसान हुआ है यह अभी साफ नहीं हो पाया है किंतु आग के कारण स्टेशन परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

सेल... सेल... सेल...
फैन्सी साड़ियाँ, सूट, लहंगा, इवनिंग गाऊन, क्रॉप टॉप, कुर्ती पर
श्री शुभमंगल कलेक्शन
मानसून ऑफर UPTO 50% OFF
सतना बिल्डिंग, मालवीय चौक, जबलपुर 0761- 4015444, 7828684355
NARMADA

SINCE 1995
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प.वि.वि. से संबद्ध
METC
AN INSTITUTE OF COMPUTER & VOCATIONAL EDUCATION
PGDCA प्रवेश प्रारंभ TALLY PRIME
DCA सर्वश्रेष्ठ परिणाम CPCT SPECIAL BATCHES
AIECCE New Delhi संबद्ध
NTT नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग
Elg.-10",12"/Graduate
FREE Seminar, GDPL, Course Material & Skill Dev.
3rd फ्लोर, मोहित चेम्बर्स, राईट टाउन- 9302227789 | राजुल सिटी गंगानगर, गढ़ा-9303327788

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रमा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरुन नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

2005 से अग्रणी
2022-2023 सत्र हेतु प्रवेश
महात्मा गांधी महिला कम्प्यूटर इन्स्टीट्यूट
(माखन लाल चतुर्वेदी विश्व विद्यालय से)
बेसिक कम्प्यूटर कोर्स
PGDCA योग्यता स्नातक | DCA योग्यता बारहवीं | BCA योग्यता बारहवीं | TALLY | CPCT | TYPING
सफलता के 16 वर्ष
आयुष गैलरी के ऊपर, होमसाइंस कॉलेज रोड, जबलपुर जबलपुर- 9111167794, 6265955100

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com ■ www.galaxyhospitaljbp.com

JICS JABALPUR INSTITUTE OF COMPUTER SCIENCE
वर्ष 2000 से कार्यरत
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त
(म.प्र. शासन के ऐक्ट नं. 15, 1990 द्वारा स्थापित वि.वि.)
सत्र जुलाई 2022-2023 सीधे प्रवेश प्रारंभ
M.Sc.(CS) योग्यता- स्नातक किसी भी विषय में
BCA योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में
B.Com (CA) योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में
DCA योग्यता- 12 वीं किसी भी विषय में
PGDCA योग्यता- स्नातक किसी भी विषय में
वि.वि. के पाठ्यक्रम सभी शासकीय, अशासकीय नौकरी एवं उच्च शिक्षा के लिए मान्य हैं।
महाकौशल क्षेत्र का अग्रणी संस्थान
अधारताल, भारत गैस के बाजू में, जबलपुर मो. - 0761-4066631, 9893322108
ARPITA

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघाट) सीने में दर्द व भारीपन
उच्च रक्तचाप बी.पी.का बढ़ना या घटना
घबराहट व धड़कन बढ़ना बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

स्थापना 1948 74 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481262,2481362

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लड़या →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़→चने
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

त्रयोदशी

अत्यंत दुख: के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी **श्री चन्द्रप्रकाश जी पाण्डे** का स्वर्गवास दिनांक 25/07/2022 दिन सोमवार को हो गया है। ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु दसगात्र दिनांक 03/08/2022 दिन बुधवार को एवं गंगाजली पूजन एवं तेरहवीं कार्यक्रम 6.8.2022 दिन शनिवार को होना है। अत: पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को श्रदांजली अर्पित करें।

समय : दोपहर 1 बजे से सायं 6 बजे तक

कार्यस्थल
504, निज निवास वैद्यराज जी की गली, राममंदिर, दीक्षितपुरा महात्मा गाँधी वार्ड, जबलपुर (म.प्र.)

शोकाकुल परिवार
पत्नि: मुन्नी बाई पाण्डे
पुत्र: संजय पाण्डे (संजू दादा)
सुधीर, सुनील, सुशील एवं समस्त परिजन

मो.9479667902, 9425385434, 9977346078

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)